


दैनिक  नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक  K ✌ K  RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र  समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा   वर्ष-31  अंक-34   नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 12 मार्च 2025   पृष्ठ-8   मूल्य -1 रूपये   सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## विचित्र विनोद का होली विशेषांक एक अनूठा विशेषांक जो सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवित रखे हुआ है : विश्वास कैलाश सारंग

### हास्य व्यंग्य के अनूठे होली विशेषांक का हुआ लोकार्पण



भोपाल ( संदीप पंडा )। विचित्र विनोद होली विशेषांक का लोकार्पण  खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वस कैलाश सारंग, वरिष्ठ पत्रकार महेश सक्सेना, वरिष्ठ अधिवक्ता साजिद अली द्वारा 22 विचित्र विलो प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल मध्यप्रदेश में किया गया। के.के.सक्सेना (प्रधान सम्पादक) एवं विलक्षण सक्सेना (सम्पादक) द्वारा उपस्थित जनो पर लिखित उपाधी का वाचन किया गया। कार्यक्रम  खेल एवं युवा कल्याण व सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं पूर्व सांसद आलोक संजर की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। विचित्र विनोद के होली विशेषांक लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान श्री सारंग ने कहा कि कोई भी अंक निकालना बडी बात नहीं है उसे वर्षो से निरंतरता प्रकाशित करना बडी बात है, उन्होंने कहा कि विचित्र विनोद का होली विशेषांक ये देश का एक ऐसा विशेषांक है जो अपनी सांस्कृतिक पम्पराओं को जीवित रखे हुआ है जिसमें स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी की अहम भूमिका रही है। साथ ही उन्होंने होली विशेषांक की निरंतरता के लिये  प्रधान सम्पादक श्री के.के.सक्सेना एवं सम्पादक विलक्षण सक्सेना की भूरी भूरी प्रशंसा की। वरिष्ठ पत्रकार महेश सक्सेना ने विचित्र विनोद के संस्थापक स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी की पुरानी यादों को साझा करते हुए कहा कि श्री सिन्हा जी का जब यह विशेषांक प्रकाशित होता था तो उसमें

#### *होली विशेषांक पर लिखित उपाधियों की चर्चा पूरे भोपाल में होती है  : वरिष्ठ पत्रकार महेश सक्सेना*

लिखित उपाधियों की चर्चा चौक से लेकर पूरे भोपाल तक की जाती थी जिसका आज भी लोगों को इंतजार रहता है। मैं होली विशेषांक का जब पहला अंक प्रकाशित हुआ था जब भी साक्षी रहा हूं आज भी साक्षी हूं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता साजिद अली जी ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व जिसमें न कोई जात पात होती है और ना ही कोई गिला सिकवा आज हम सब एक छत के नीचे एक साथ बैठे हुए है इसी को होली कहते है।  विचित्र विनोद के होली विशेषांक की शुरूआत श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी द्वारा सन 1973 में की गई थी, जिसे के.के.सक्सेना  द्वारा निरन्तर प्रकाशित किया जा रहा है, खास बात यह भी है कि अब श्री विचित्र कुमार सिन्हा जी के पोते विलक्षण सक्सेना का भी इस विशेषांक में महत्वपूर्ण योगदान रहता है जो कि विचित्र कुमार सिन्हा जी के विचित्र प्रतिभा के ही स्वरूप है, इस हास्य व्यंग्य के अनूठे विशेषांक में  विभिन्न राजनैतिक, साहित्यिक, पत्रकार, एडवोकेट, समाजसेवी, डॉक्टर व देश, प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यक्ति व्यक्तियों पर उपाधी लिखी जाती है।  कार्यक्रम में संचालनविलक्षण सक्सेना द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में कविता पाठ का भी आयोजन किया गया  जिसमें भोपाल के जाने माने कवियों ने भाग लिया। जिन्होंने अपनी कविताओं से सभी का मन मुग्ध कर दिया।  कार्यक्रम में आई बी शास्त्री, जी.के. छिब्बर,  बी.के.बाथम, डॉ. सैय्यद वाहिद अली, सुरेश गुप्ता, दिनेश जोशी, चन्द्र किशोर सिसोदिया, अतुल खरे, राकेश रावत, राजेश दाहिमा, क्रांतिदीप अलूने, के.के. जोशी, संदीप कपूर, महेश सक्सेना, वात्सायन जैन, सोनू भाभा, अजय श्रीवास्तव, आनंद तारण, गोपाल कृष्ण छिब्बर, के.के.दुबे, रवीन्द्र जैन, प्रहलाद दास मेहता, संजय गुप्ता, संजय सिंह चौहान,  अजय सोगानी, कमल जैन श्वेता, रघुवीर तिवारी, एम.के. शर्मा, अशोक मेहता,मंजू मेहता, उर्मिला जुनेजा, विजय जुनेजा  राजकुमार वर्मा, उमेश राव घोलप, अशोक सोनी, इन्द्र सिंह राजपूत, राजेश जैन,  अरविन्द मित्तल, गोपाल मुखरैया,  अनिल जैन, प्रभात जैन,  ब्रज किशोर वर्मा, अमित तडैया, संजय मुंगावली, अमिताभ बाजपेयी, दीपक जैन, शैलेन्द्र जैन,बलराम शर्मा, निर्भय मीणा, राजेश मोहनियां,सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस पहुंचने पर भारतीय प्रवासियों से बातचीत की ।

## टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायकों ने कहा भाजपा बेरोजगारों को डंस रही

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के आज यानी मंगलवार को कांग्रेस विधायकों ने अनोखा प्रदर्शन किया। टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे विधायकों का आरोप था कि भाजपा बेरोजगारों को डंस रही है इसलिए ये प्रतीकात्मक नाग लेकर पहुंचे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, सरकार युवाओं को डसना बंद करे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा बेरोजगार युवाओं को सांप बनकर कब तक डसेगी भाजपा सरकार!प्रदेश का युवा सरकार से सवाल कर रहा है कि एमपीपीएससी भर्ती क्यों रोकी गई? हर बेरोजगार के सवालों का जवाब दे भाजपा सरकार! मध्य प्रदेश के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे ने कहा, भाजपा का असली चेहरा काले सांप जैसा ही है...वे राज्य के युवाओं के भविष्य को डस रहे हैं और मार रहे हैं। हम यह विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इस वजह से मध्य प्रदेश के युवा दूसरी जगहों पर पलायन कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार न दिए जाने के विरोध में कांग्रेस विधायकों के साथ सांप हाथ में लेकर भाजपा सरकार का कड़ा विरोध करने पहुंचे हैं।



## राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान हंगामा, कांग्रेस का वाक आउट

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश विधानससभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान हंगामा हो गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदन में विभागों के प्रमुख सचिवों की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि यह कितनी लापरवाही है कि राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चल रही है, लेकिन किसी भी विभाग का प्रमुख सचिव मौजूद नहीं है। राज्य सरकार भी गंभीर नहीं है। सिर्फदो मंत्री सदन में मौजूद हैं। इस पर मंत्री बोले कि सदन में जवाबदारी मंत्रियों की होती है। सभापति के भी जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वाक आउट कर दिया।

# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक

## 214 यात्री बंधक, 30 सैनिक मार गिराए



बलूचिस्तान (ए.)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर बलूच लिबरेशन आर्मी नाम का अलगाववादी संगठन सक्रिय हो गया है। उसने जफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की जिम्मेदारी ली है। उसमें बैठे लगभग 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। आतंकवादियों का दावा है कि अगर पाकिस्तान ने सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। इस घटना की सटीक जानकारी अभी तक स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि उग्रवादी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ने दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही ट्रेन पर हमला किया है। इसमें गोलीबारी कर यात्रियों को बंधक बना लिया है।

### मुठभेड़ में 30 सैनिकों की मौत

बीएलए ने कहा कि पाकिस्तान की सेना के 30 जवानों को मार दिया है। इस दौरान एक ड्रोन को नष्ट कर दिया है। 214 लोगों को बंधक बना लिया है। बीएलए ने कहा है कि सुरक्षा बलों के क्षेत्र से नहीं हटे, तो बंधकों को जान से मार देंगे।

### बलोच लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी

एक बयान में बचोल लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि माशकाफ, धादर और बोलान में हमारे लड़ाकों ने रेलवे ट्रेक को उखाड़ दिया, जिससे जाफर एक्सप्रेस आगे नहीं बढ़ पाई। इस ट्रेन में हमारे लड़ाके मौजूद हैं, जिसमें सभी यात्रियों को बंधक बना लिया है। अब पाकिस्तान सरकार मिलिट्री ऑपरेशन करती है, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी सिर्फ पाकिस्तान सेना की होगी।

### पाकिस्तान ने इमरजेंसी की लागू

पाकिस्तान सरकार ने बयान दिया है कि ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। इस बीच कुनरी और गदालार के बीच भारी फायरिंग की सूचना मिली। इलाके को सुरक्षित रखने के लिए तुरंत ही इमरजेंसी लागू कर दी गई है। सरकार यात्रियों से संपर्क कर रही है। सरकार ने जानकारी दी कि यह पूरा इलाका पथरीला है। ऐसे में सेना को ऑपरेशन करने में समस्या आ रही है। क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी है।

## चर्च परिसर में सूटकेस के भीतर मिला मानव कंकाल, पुलिस इस एंगल से कर रही जांच

कोल्लम (आरएनएस)। केरल के कोल्लम जिले में सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक चर्च परिसर में एक सूटकेस के अंदर मानव कंकाल बरामद हुआ है। कंकाल कोल्लम के सीएसआई चर्च के कब्रिस्तान के निकट पाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में कंकाल मानव प्रतीत हो रहा है।पुलिस के अनुसार, यह कंकाल काफी पुराना हो सकता है और हत्या का मामला होने की आशंका है। पुलिस वैज्ञानिक तरीकों से जांच कर रही है और पुराने गुमशुदगी के मामलों की पड़ताल भी की जा रही है। कंकाल क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। पुलिस का मानना है कि संभवत: किसी ने शव को सूटकेस में डालकर यहां फेंक दिया होगा।यह सूटकेस आज सुबह तब नज़र आया जब कुछ लोग चर्च परिसर में काम करने आए थे।

## असम भारत का पहला राज्य बनने जा रहा है, जिसकी अपनी निजी सेटेलाइट होगी



नई दिल्ली,(ए.)। इसरो को सेटेलाइट लॉन्च करने में महारथ हासिल है। वह कई देशों और प्राइवेट कंपनियों की सेटेलाइट स्पेस में लॉन्च करती रही है। अब इसमें भारत के राज्य असम का नाम भी जुड़ने वाला है। असम भारत का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जिसके पास अपनी निजी सेटेलाइट होगी। असम ने 450-500 करोड़ रुपए की लागत वाला जियो-स्टेशनरी लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य बनने के लिए इसरो के साथ बातचीत जारी है।असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में डिजिटल कक्ष के लिए बड़ी धनराशि की घोषणा करते हुए कहा कि इस सेटेलाइट का मकसद अवैध घुसपैठ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अलावा, बाढ़ की स्थिति में समय रहते चेतावनी और किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करना है। असम के वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल की अवधि में राजस्व संग्रह में जोरदार वृद्धि से उत्साहित सरकार के बजट में भारत की पहली एआई-संचालित एंटी-डीपफेक और साइबर निगरानी प्रयोगशाला, एक अग्रणी ग्रीन पैकेजिंग औद्योगिक केंद्र, एक बांस स्मार्ट सिटी, एआई और ब्लॉकचेन-संचालित चाय नीलामी और असमिया सिनेमा, साहित्य और लोक गीतों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे अन्य गेम-चेंजर प्रस्ताव शामिल हैं।

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल के दो स्कूलों और एक राष्ट्रीय लैब को 10 मार्च को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। बड़वई स्थित पोदार वर्ल्ड स्कूल और टीटी नगर स्थित सेंट मेरी स्कूल को धमकी दी गई कि उन्हें बम से उड़ा दिया जाएगा। वहीं, खजूरी क्षेत्र में स्थित नेशनल फोरेंसिक लैब के बाहर विस्फोटक सामग्री पड़े होने की सूचना मिली।इन घटनाओं के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की, लेकिन किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। बता दें एक माह पूर्व भी भोपाल और इंदौर के स्कूलों को तेलुगू भाषा में धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ था।

गांधी नगर थाना प्रभारी सुरेश फरकले ने बताया कि सोमवार को पोदार वर्ल्ड स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दोपहर 2:45 बजे स्कूल को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस, बम डिफ्यूजन टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की गहन जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वर्तमान में ईमेल की सत्यता की जांच जारी है।टीटी नगर स्थित सेंट मेरी स्कूल को भी इसी प्रकार का धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रश्मि अग्रवाल दुबे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और बम स्क्वॉड टीम स्कूल पहुंची और पूरी जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।

## पान मसाला कंपनी पर आयकर की दबिश

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में आयकर विभाग ने पान मसाला कंपनी पर इनकम टैक्स चोरी के मामले में सर्वे शुरू किया है। गोविंदपुरा इलाके में यह फैक्ट्री है। जिसमें राजश्री गुटखा और अन्य पान मसाले तैयार करने का काम किया जाता है। बिलों में गड़बड़ी कर कंपनी आय छिपा रही थी। जिसके लिए आयकर विभाग की टीम सर्वे करने पहुंची है। इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा में सेक्टर-डी में 11बी में कायपान पान प्रोडक्ट लिमिटेड की फैक्ट्री और प्रतिष्ठान है। यह प्रतिष्ठान वैभव पांडे, शेख मोहम्मद आरिफ का है। मंगलवार दोपहर बाद आयकर विभाग की टीम ने इस प्रतिष्ठान पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है।इस प्रतिष्ठान के संचालकों द्वारा पान मसाला बनाने का काम किया जाता है और इसमें बिलों में गड़बड़ी कर आय छिपाने का काम किया जा रहा था। आयकर अफ्सरों की टीम इस फैक्ट्री के दफ्तर में दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है।




## सरकार ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 लोकसभा में पेश किया, कांग्रेस ने किया विरोध

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया। इसका उद्देश्य भारत के आव्रजन कानूनों को आधुनिक बनाना और उन्हें मजबूती प्रदान करना है।

इसके साथ ही यह भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के रास्ते भी खोलेगा।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से इस विधेयक पेश किया। आइए जानते हैं इसमें क्या-क्या प्रावधान होंगे।गृह राज्य मंत्री राय ने कहा, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज की आवश्यकता तय की जाए। केंद्र सरकार को कुछ शक्तियां प्रदान की जाएं और विदेशियों से संबंधित मामलों को विनियमित किया जाए, जिसमें वीजा और पंजीकरण की आवश्यकता शामिल है और उनसे जुड़े या आकस्मिक मामलों से निपटने के लिए आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

# सदन में बिल ऑफ लैडिंग विधेयक 2024 के समर्थन में बोले सांसद

- वर्षों की गुलामी को दूर करने का मोदीजी ने किया है सार्थक प्रयास : सांसद दर्शन सिंह
- भाजपा सांसद ने सदन में विपक्ष से कहा अधजल गगरी छलकत जाए

नर्मदापुरम/ नई दिल्ली (निप्र)।  लोकसभा सदन में बिल ऑफ लैडिंग विधेयक, 2024 पारित किया गया। जिसके समर्थन में नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने अपना मत रखते हुए कहा कि बिल ऑफ लैडिंग विधेयक, 2024 का उद्देश्य औपनिवेशिक युग के 1856 के अधिनियम की जगह शिपिंग दस्तावेजों के लिए कानूनी ढांचे को अद्यतन और सरल बनाना है। यह विधेयक हमारे देश की व्यापारिक प्रणाली में एक महत्वपूर्ण सुधार लाने जा रहा है। अब तक हम जिस भारतीय लदान बिल के आधार पर कार्य कर रहे थे वह 1856 में बना था। जो आधुनिक व्यापार की आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ था।



लदान बिल से संबंधित कानून में संशोधन कर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल एवं अद्यतन पारदर्शी ढांचा प्रदान करते हैं। कानून में संशोधन अधिनियमित किया जाना अत्यंत आवश्यक है । सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सदन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी जो हमारे विपक्षी साथी बिल का विरोध कर रहे थे। उनसे कहना चाहूंगा हाफ नॉलेज इस ऑलवेज डेंजरस हमारे गांव में कहावत चलती है अधजल गगरी छलकत जाए। मैं मोदी जी का धन्यवाद इस रूप में भी करना चाहता हूं। कि जिन्होंने अंग्रेजों के जमाने में बने इस कानून में संशोधन करके वर्षों की गुलामी को दूर करने का सार्थक प्रयास किया है।सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री को कोड करते हुए कहा कि पत्थर की छाती के आगे तूफान स्वयं झुक जाते हैं, अविचल विश्वासी के आगे भगवान स्वयं झुक जाते हैं। सांसद चौधरी ने कहा कि  इस विधेयक के मुख्य बिंदुओं में हमारे अधिकारों का हस्तांतरण किया गया है। जिसमें यह विधेयक स्पष्ट रूप से वस्तुओं के स्वामित्व का हस्तांतरण कैसे होगा। जिसमें लदान बिल में निहित अनुबंध के संबंध में सभी अधिकारों को संपत्ति के साथ लदान बिल के प्रेषक या पृष्ठांकिती को हस्तांतरित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि एक वास्तविक धारक के हाथों में हस्तांतरित लदान बिल को जहाज पर लदे माल के निर्णायक सबूत के रूप में माना जाएगा। चूंकि लदान बिल पर अधिकारों का समर्थन समुद्र द्वारा माल की ढुलाई में इसके उपयोग का एक महत्वपूर्ण पहलू है, इसलिए उक्त अधिनियम के प्रावधानों की व्यापक वाणिज्यिक प्रयोज्यता है और यह उन पृष्ठांकिती और प्रेषिती को वाद के अधिकारों और देनदारियों के हस्तांतरण को निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण है।



# जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचान : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## स्थानीय कारीगरों को मिलेगा ग्लोबल-वोकल सपोर्ट






भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक जिला-एक उत्पाद हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया।

जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है।

### कला, हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों का हुआ सजीव प्रदर्शन

एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया।जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### खाद्य और कृषि उत्पादों को मिली नई पहचान

ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों की खरीद और निर्यात के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही, निवेशकों ने विशिष्ट उत्पादों के सेंपल लिए, जिससे भविष्य में व्यापारिक संबंध स्थापित होने की संभावना बढ़ी।

### मध्यप्रदेश के विशिष्ट ओडीओपी उत्पाद

मध्यप्रदेश में ओडीओपी के तहत विभिन्न जिलों के पारंपरिक, वस्त्र और कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें बुरहानपुर का केला, ग्वालियर के आलू आधारित उत्पाद और स्टोन टाइल्स, खरगोन की मिर्च उत्पाद, मंदसौर के लहसुन उत्पाद, नीमच के धनिया उत्पाद, सतना के टमाटर आधारित उत्पाद, मुरैना की गजक और सरसों उत्पाद, इंदौर के आलू आधारित उत्पाद, भोपाल के अमरूद उत्पाद, चंदेरी की साड़िया, महेश्वर की साड़ियां और हथकरघा उत्पाद, टीकमगढ़ के मिट्टी शिल्प और हस्तशिल्प उत्पाद और धार के बाग प्रिंट शामिल है।



उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंत्रालय में वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्री-बजट के तैयारी की चर्चा की।

# जबलपुर में 25 नायब तहसीलदारों को नोटिस, दो अफसर सस्पेंड

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सक्सेना ने विभागीय गतिविधियों में उदासीनता बरतने पर 25 नायब तहसीलदार/तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने राजस्व वसूली, फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, बटवारा में लक्ष्य की पूर्ति न किये जाने पर यह नोटिस जारी किया है। साथ ही 02 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाने के लिए प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारी को भेजने को कहा।उन्होंने कहा कि लगातार समीक्षा के दौरान निर्देश दिए जाने के बावजूद भी लक्ष्य के मुताबिक कार्य न किया जाना उदासीनता का घोतक है एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन किया जाना परिलक्षित होता है।इस संबंध में दो दिन के भीतर समक्ष में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिये निर्देश भी दिए है।उन्होंने कहा कि जवाब समयावधि में प्राप्त न होने की दशा में संबंधित के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारी को प्रेषित किया जावेगा। क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, जबलपुर में हुये अधिक भुगतान और गबन के मामले में संभागायुक्त अभय वर्मा एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कार्यवाही कर इस कार्यालय में पदस्थ दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले के मुख्य आरोपी कार्यालय के सहायक ग्रेड तीन को संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा भोपाल द्वारा निलंबित किया गया है। संभागायुक्त अभय वर्मा ने इस मामले में स्थानीय निधि संपरीक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक श्रीमती प्रिया विश्नोई को तथा कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इस कार्यालय की ज्येष्ठ संपरीक्षक श्रीमती सीमा अमित तिवारी को निलंबित किया है। दोनों अधिकारियों के निलंबन की यह कार्यवाही सौपें गये कर्त्तव्यों को गंभीरता से न लेने तथा कार्य संपादन में लापरवाहीपूर्ण रवैया अपनाने पर की गई है।

## विविध-समाचार

### एक हफ्ते में दूसरी बार कर्ज लेगी मोहन सरकार, इस साल 51 हजार करोड़ रुपए ले चुकी है कर्ज

भोपाल (आरएनएस)। मोहन यादव सरकार एक हफ्ते के अंतराल में मंगलवार को फिर बाजार से चार हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है। इसका भुगतान सरकार को बुधवार को होगा। दो-दो हजार करोड़ रुपए के यह कर्ज 22 साल और 6 साल के अवधि के हैं जिसका भुगतान सरकार छमाही ब्याज के रूप में करेगी। इसके साथ ही मोहन सरकार चालू वित्त वर्ष में 51 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी होगी।इसके पहले चार मार्च को छह हजार करोड़ रुपए का कर्ज दो-दो हजार की तीन किस्तों में लिया गया था। सरकार ने पिछले माह 20 फरवरी को जीआईएस के पहले भी 6 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया था। एक हफ्ते के अंतराल में सरकार दस हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है। अभी कुछ और कर्ज लिए जा सकते हैं।2023-24 में लिए थे 44 हजार करोड़, इस अवधि तक 3.75 लाख करोड़ का कर्ज मध्यप्रदेश की जनता पर 31 मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 3 लाख 75 हजार 578 करोड़ रुपए का कर्ज है। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक बीजेपी सरकार ने एक साल में 44 हजार करोड़ रुपए कर्ज लिया था। इसके पहले 31 मार्च 2023 को सरकार पर कर्ज की राशि 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक थी।

### 8 दिन तक जिंदगी की जंग लड़ते मौत से हार गई युवती, धोखा मिलने पर खाया था जहर; मरने से पहले बनाया वीडियो

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में एक युवती 8 दिनों तक जिंदगी की जंग लड़ते-लड़ते हार गई. युवती ने रविवार की रात दम तोड़ दिया. अतरवाड़ा गांव की रहने वाली युवती का आरोप था कि शादी का झांसा देकर कई बार प्रताड़ित किया. इससे आहत होकर उसने जहर खाया था. परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया. उसका आठ दिनों तक इलाज चला था, लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, दो मार्च को युवती जब घर में अकेली थी, तब उसने जहर खा लिया. परिजन जब खेत से लौटे तो खून की उल्टियां करते देख उसे तत्काल अस्पताल ले गए. गंभीर हालत के चलते पहले नागपुर रेफर किया गया, लेकिन सुधार न होने पर छिंदवाड़ा जिला अस्पताल वापस भेज दिया. 9 मार्च की रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.युवती ने मरने से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने योगेश चंद्रवंशी नाम के युवक पर शादी का झांसा देकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया. उसने वीडियो में कहा कि योगेश ने दूसरी शादी कर ली. इसलिए मैं अपनी जान दे रही हूं. छिंदवाड़ा में सिटी एसपी अजय राणा ने बताया कि युवती की मौत के बाद पोस्टमॉर्टम करा लिया है. मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच जारी है. पुलिस वीडियो समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है. अजय राणा ने कहा कि युवती नागपुर में एडमिट थी, वहां पुलिस को दिए बयान के आधार पर भी कार्रवाई की जाएगी.

### तहसीलदार की सीएस, डीजीपी से गुहार, एसपी कर रहे परिवार तोड़ने की कोशिश

भोपाल (आरएनएस)। 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी और कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन पर दमोह के तहसीलदार डॉ. शैलेंद्र बिहारी शर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। तहसीलदार शर्मा ने मध्यप्रदेश के मुख्यसचिव औरडीजीपी से उनकी लिखित शिकायत की है।शिकायत में उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया और पत्नी ष्टस्क्र ख्याति मिश्रा का ट्रांसफर कटनी से बाहर करने की मांग की है। मामला पारिवारिक विवाद और धमकियों से जुड़ा है।उन्होंने कहा कि एसपी उनके परिवार को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।श्री शर्मा का कहना है कि एसपी उनकी पत्नी ख्याति मिश्रा को नौकरी से निकालने की धमकी दे रहे और उन्हें ब्लैकमेल भी कर रहे हैं। यह शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।डॉ. शर्मा ने मुख्यसचिव और डीजीपी से अपनी पत्नी का ट्रांसफर कटनी से बाहर करने की गुहार लगाई है। उन्होंने सतना, सीधी या रीवा ट्रांसफर करने का अनुरोध किया है।उन्हें डर है कि कटनी में रहने पर उनकी और उनके परिवार की जान को खतरा हो सकता है।इस पूरे मामले में एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। गौरतलब है कि कटनी एसपी अभिजीत रंजन की गिनती तेजतर्रार अधिकारियों में होती है। वह अपराध के लेकर भी जिले में सख्त रहते हैं।

### हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी 'व्यावसायिक शिक्षा' बच्चों को उद्यमी बनने की सरकार देगी शिक्षा

भोपाल (आरएनएस)। मप्र की मोहन सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़इनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है।

# त्यौहार होली एवं ईद के दौरान शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संवेदनशील इलाक़ों एवं प्रमुख क्षेत्रों में निकाला गया वाहनों से फ्लैग मार्च

## -फ्लैग मार्च में पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त समेत सभी वरिष्ठ अधिकारीगण हुए सम्मिलित

भोपाल (ए)। आगामी त्यौहार होलिका दहन, धूलहेंडी, रंगपंचमी, रमजान, ई- उल- फितर, चैत्र नवरात्र इत्यादि त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए आज लाल परेड मैदान से पैदल वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें लगभग 300 जवान तथा 40 चार पहिया वाहन शामिल रहे, जो लगभग 40 किलोमीटर के दायरे में संवेदनशील इलाक़ों तथा प्रमुख स्थानो, बाजारो में निकाला गया। फ्लैग मार्च का शुभारंभ पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त रियाज इक़बाल, पुलिस उपायुक्त जितेंद्र सिंह पवार, पुलिस उपायुक्त संजय सिंह, पुलिस उपायुक्त संजय अग्रवाल एवं अन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ आज दोपहर लगभग 04:00 बजे लाल परेड



ग्राउंड से किया गया द्यफ्लैग मार्च लाल परेड मैदान से प्रारंभ होकर लिली टॉकीज़ तिराहा, जिंसी तिराहा, बोगदा पुल होते हुए प्रभात चौराहा से अशोक गार्डन, 80 फीट रोड होते हुए भारत टाकीज ओवर ब्रिज होते हुए संगम टॉकीज तिराहा, काली मंदिर, चार बत्ती चौराहा, रेत घाट, रॉयल मार्केट तिराहा लालघाटी चौराहा होते हुए वापस रेत घाट, पॉलीटेक्निक चौराहा, राजभवन तिराहे होते हुए वापस लाल परेड ग्राउंड पर समाप्त हुआद्यउक्त फ्लैग मार्च में RAF, QRF, SAF एवं थाना प्रभारी, थानों का बल, रक्षित केंद्र, यातायात का बल समेत लगभग 300 अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे। फ्लैग मार्च में रुद्र, वज्र, थाना मोबाइल, जिप्सी, बस समेत लगभग 40 वाहन भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आगामी त्यौहार होलिका दहन, धूलहेंडी, रंगपंचमी, रमजान, ई- उल- फितर, चैत्र नवरात्र इत्यादि त्यौहारों के दौरान शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना तथा गुंडों, बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों में भय का माहौल उत्पन्न करना था, ताकि आमजन सुरक्षित महसूस करते हुए हर्षोल्लास के साथ त्यौहार का आनंद ले सके।

# निगम ने की 02 बकायादारों की संपत्तियां कुर्क

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित राजस्व की अन्य मदों में करों/शुल्कों की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 46 के विट्टन मार्केट अरेरा कालोनी एवं वार्ड क्रमांक 28 भवन क्रमांक 4/9 संजय काम्प्लेक्स में बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए संपत्तियां कुर्क की।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा प्रभावी वसूली एवं बकायादारों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 46 के अमले ने विट्टन मार्केट अरेरा कालोनी स्थित भवन क्रमांक ई-5/13 पर संपत्तिकर/जल उपभोक्ता प्रभार एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार की बकाया राशि 63,754/-रूपये का भुगतान भवन स्वामी द्वारा न किये जाने पर उक्त संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की गई साथ ही निगम अमले ने वार्ड क्रमांक 28 भवन क्रमांक 4/9 संजय काम्प्लेक्स के भवन स्वामी महेश कुमार झावर पर संपत्तिकर की राशि 62,303/- रूपये का भुगतान न किये जाने पर उक्त संपत्ति कुर्क की।

# कब से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि? इस वाहन से आएंगी मां दुर्गा



भोपाल(आरएनएस)। हिन्दू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरुपों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है. पहले दिन घट स्थापना या कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है. इसके बाद मां दुर्गा के अलग-अलग रुपों की पूजा की जाती है. इस दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं. इस बार की चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रहा है. ऐसे में आज यहां जानते हैं कि चैत्र नवरात्रि कब है? किस शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर सकते हैं? किस दिन कौन सी माता की पूजा होती है ? क्या है इसका महत्व? नवरात्रि का त्योहार हर साल चार बार आता है.चैत्र माह (वासंती नवरात्रि) में पड़ने वाली चैत्र नवरात्रि और दूसरी शारदीय नवरात्रि (आश्विन मास) होती है. गुप्त नवरात्रि माघ और आषाढ़ महीने में आती है. गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या की पूजा का विधान है.

### कब चैत्र नवरात्रि मनाते हैं?

चैत्र नवरात्रि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है. प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापना करते हैं और मां दुर्गा का आह्वान करते हैं. चैत्र नवरात्रि में भी 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरुपों की विधि विधान से पूजा करने का विधान है।

### इस दिन से शुरु हो रही चैत्र नवरात्रि 2025

हिंदू पंचांग के अनुसार, नवरात्रि की शुरुआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है. प्रतिपदा तिथि की शुरुआत शनिवार, 29 मार्च को शाम 04:27 बजे पर होगी और समापन रविवार, 30 मार्च दोपहर 12:49 बजे पर होगा. उदयातिथि के अनुसार, चैत्र नवरात्रि रविवार, 30 मार्च से शुरु हो जाएगी. नवरात्रि के पहले दिन पूजा और कलश स्थापना होगी. बता दें कि चैत्र नवरात्रि का समापन 7 अप्रैल को होगा.चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना यानी घट स्थापना का विशेष महत्व होता है. इस चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना के लिए 2 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं. एक मुहूर्त सुबह में, जबकि दूसरा मुहूर्त दोपहर में है. कलश स्थापना के लिए पहला शुभ मुहूर्त 6:13 बजे से सुबह 10:22 बजे तक है. वहीं दोपहर में आप अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं. यह शुभ समय दोपहर 12:01 बजे से 12:50 बजे तक है।

### चैत्र नवरात्रि 9 दिन का कैलेंडर 2025

पहला दिन: रविवार, 30 मार्च 2025- मां शैलपुत्री की पूजा
दूसरा दिन: सोमवार, 31 मार्च 2025- मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
तीसरा दिन: मंगलवार, 01 अप्रैल 2025- मां चंद्रघंटा की पूजा
चौथा दिन: बुधवार, 02 अप्रैल 2025- मां कूष्मांडा की पूजा
पांचवें दिन: गुरुवार, 03 अप्रैल 2025- मां स्कंदमाता की पूजा
छठवां दिन: शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025- मां कात्यायनी की पूजा
सातवां दिन: शनिवार, 05 अप्रैल 2025- मां कालरात्रि की पूजा
आठवां दिन: रविवार, 06 अप्रैल 2025- मां गौरी की पूजा
नौवां दिन: सोमवार, 07 अप्रैल 2025- मां सिद्धिदात्री की पूजा

### हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, इस चैत्र नवरात्रि पर मां भगवती हाथी पर सवार होकर आएंगी. वहीं प्रस्थान भी हाथी पर बैठकर ही करेंगी. ऐसी मान्यता है कि जब मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती है तो यह एक बेहद ही शुभ होता है. दरअसल, हाथी को सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है।

# भोपाल पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, पिता-पुत्र गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। पुलिस (जोन-02) ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से लैपटॉप, डेस्कटॉप, 5 मोबाइल फोन और एक स्ब्वष्ठ टीवी सहित करीब 3 लाख का सामान जब्त किया। आरोपी कमल गंगवानी और प्रतीक गंगवानी अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे।

**क्रिकेट सट्टे पर पुलिस का शिकंजा**

पुलिस उपायुक्त (जोन-02) डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजाल्दे और सहायक पुलिस आयुक्त (एम.पी. नगर) अक्षय चौधरी के मार्गदर्शन में थाना अयोध्या नगर पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।पुलिस को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल (भारत बनाम न्यूजीलैंड) के दौरान सूचना मिली कि अयोध्या नगर, भोपाल में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर रेड की गई, जहां आरोपी लैपटॉप और स्क्रीन के जरिए 5 मोबाइल की मदद से सट्टा खिला रहे थे।

**बरामद सामान:**

1 डेल कंपनी का पर्सनल डेस्कटॉप कंप्यूटर
5 मोबाइल फोन
1 एलईडी टीवी
करीब 3 लाख का अन्य सामान

**गिरफ्तार आरोपी:**

कमल गंगवानी (50 वर्ष)— मूल निवासी कटनी, मध्यप्रदेश, वर्तमान में अयोध्या नगर, भोपाल में निवास। प्रतीक गंगवानी (20 वर्ष) — कमल गंगवानी का बेटा, 12वीं पास, निजी काम करता है।दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना अयोध्या नगर में अपराध क्रमांक 135/2025, धारा 4(a) सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। टीम सदस्य: उनि विजय सिंह, उनि सुदील देशमुख, सउनि मनोज सिंह कछवाह, प्रआर अमित व्यास, बृजेश सिंह, रोशनी जैन, मनोज जाट, जितेंद्र उच्चारिया, प्रदीप दामले, मोनिका जायसवाल।

# सरकारी जमीन पर निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवादः पूर्व पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि के बीच मारपीट, दोनों पक्षों के लोगों पर मामला दर्ज

भोजपुर(मंडीदीप ) (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मंडीदीप में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बहस-बाजी से शुरू हुआ विवाद, मारपीट तक पहुंच गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला मंडीदीप के सतलापुर का है। जहां पूर्व मंडल अध्यक्ष और पूर्व पार्षद सुशील शर्मा और वार्ड 14 के पार्षद प्रतिनिधि शेर सिंह चौहान के बीच पार्क की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण करने को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि पूर्व पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि के बीच हिंसक झड़प हो गई। और दोनों पक्षों में बीच मारपीट शुरू हो गई। जिसमें शेर सिंह चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के बाद दोनों पक्षों के समर्थक बड़ी संख्या में सतलापुर थाने में जमा हो गए। जहां भी विवाद हुआ। इसके बाद पुलिस ने वार्ड नंबर 16 के पार्षद धर्मेंद्र यादव, पूर्व पार्षद और मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शेर सिंह चौहान, मंटू शर्मा, रामदीन शर्मा, संदीप साहू सहित दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में आए सुझावों पर होगी कार्यवाही : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिये गये सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी का मार्गदर्शन विभाग के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है।अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने गत् एक वर्ष में विभाग द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में राज्य का अंश 23 हजार 788 मेगावॉट है। राज्य में पिछले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1086 यूनिट से बढ़कर 1332 यूनिट हो गई है। यह प्रदेश के विकास का द्योतक है। बैठक में टीकमगढ़ के विधायक यादवेन्द्र सिंह, कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी और कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने ऊर्जा विभाग के कार्यों में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया। उप सचिव ऊर्जा मंदार पुराणिक ने पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन से विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षितिज सिंघल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विविध-समाचार

### होली त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिये मावा एवं मिठाई के सैम्पल

गुना (आरएनएस)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं डॉ0 राजकुमार ऋषिश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही सतत जारी है। इसी क्रम में होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये बाजार से मावा एवं मिठाई की शुद्धता की जांच के लिये खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम खाद्य प्रतिष्ठानों के लगातार निरीक्षण एवं सैम्पलिंग कार्यवाही कर रही है।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिष्ठान भण्डार संचालकों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने, शुद्ध एवं ताजा मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री विक्रय करने के लिये निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लक्ष्मीगंज गुना स्थित शीतला स्वीट्स से मावा, गुलाब जामुन, सोनी कॉलोनी गुना स्थित सिद्दांत इण्डस्ट्रीज से मावा एवं मिल्क केक, कमल गजक नई सड़क से नमकीन एवं मटरी, भवानी बिकानेर मिष्ठान भण्डार रूठियाई से मावा बर्फी एवं मिल्क केक, अंजली मिष्ठान भण्डार रूठियाई से मावा एवं गुलाब जामुन के सैंपल जांच के लिये लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गये हैं, जिनकी रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर आगे भी जारी रहेगी।

### मध्यप्रदेश - 'जैव-विविधता का अप्रतिम आंगन..

शिवपुरी (आरएनएस)। प्रकृति की गोद में बसे शिवपुरी की 'जंगल बुक' में आज एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। श्रद्धेय माधवराव सिंधिया जी की जयंती पर माधव नेशनल पार्क, शिवपुरी में 'माधव टाइगर रिजर्व' के लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागिता कर एक बाघिन को उसके 'नये आवास' में छोड़ा। चंबल की धरती पर दुर्लभ वन्यजीवों का कुनबा बढ़ रहा है। इसकी खूबसूरत वादियां पक्षियों के कलरव से गूंजती है; चंबल नदी में घड़ियाल, मगरमच्छ और डॉल्फिन; जंगल में चीते, बाघ और तेंदुए चंबल के आंगन को और भी अप्रतिम बना रहे हैं। चंबल का जैव विविधता से भरपूर संसार दुनिया के लिए मध्यप्रदेश में पर्यटन के दरवाजे खोल रहा है।हम भी जैव-विविधता के संरक्षण हेतु संकल्पित हैं और अपने प्रयासों से वन्यजीव पर्यटन को एक नया आयाम देने व प्रदेश की धरा को विभिन्न प्राणियों का सुंदर एवं सुरक्षित आंगन बनाने की दिशा में कार्यरत हैं।

### एक्टिवा से ट्युशन जा रही युवती को यात्री बस चालक ने मारी टक्कर......!

देवास(आरएनएस)। अंधगति से आ रही यात्री बस ने एक्टिवा से ट्युशन जा रही युवती को टक्कर मार दी, जिसे घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां उसका प्राथमिक उपचार कर उसे इंदौर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस अंधगति से इंदौर से देवास की और आ रही थी, बस में यात्री भी सवार थे। क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि प्रतिदिन यात्री बस सवारियों को लेकर अंधगति से बस चलाते हैं। जिसके चलते इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है। वहीं पिछले कई दिनों से इंदौर रोड़ पर बना ब्रिज भी डिवाइडर बनाने के बाद से बंद है। जिसके कारण ब्रिज के नीचे से आवागमन हो रहा है। ऐसी स्थिति में यात्री बस अंधगति से बस चला रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने विवाहोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर नव दम्पत्ति को दिया आशीर्वाद



सतना(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को सतना जिले के प्रवास के दौरान सांसद गणेश सिंह के सुपुत्र विकल्प सिंह के विवाहोत्सव उपरांत आशीर्वाद समारोह में शामिल होकर नव दम्पत्ति विकल्प और सोनम को आशीर्वाद दिया। स्मार्ट सिटी के नेक्टर झील में आयोजित आशीर्वाद समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने भी नव युगल को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने सतना जिले के संक्षिप्त प्रवास के दौरान गढिया टोला बगहा स्थित पूर्व विधायक उषा चौधरी के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने उनकी पुत्री के विवाहोत्सव के अवसर पर दम्पत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण

गुना (आरएनएस)। कलेक्टर किशोर कन्याल के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन में आज औषधि निरीक्षक द्वारा कुंभराज स्थित मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान तहसील कुंभराज में देशराज मेडिकल व रोहित मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार ग्राम मृगवास स्थित राज मेडिकल स्टोर, श्रीराम मेडिकल तथा कृष्णा मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण कर नींद के दवाओं के क्रय-विक्रय रिकार्ड देखें गये।

# तीर-धनुष से युवक पर हमला, आरोपी फरार, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

सिंगरौली (आरएनएस)। जिले के आदिवासी बाहुल्य चितरंगी क्षेत्र में जंगलों के बीच दुर्गम जगहों पर रहने वाले गोंड़, बैगा व अन्य जनजाति के लोग आज भी तीर- धनुष का उपयोग करते हैं. अमूमन ये लोग तीर-धनुष जंगली जानवरों से अपने आप को बचाने के लिए रखते हैं, लेकिन मुड़वानी गांव में तीर-धनुष का उपयोग आपसी विवाद में किया गया, जिसमें एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है.बताया जा रहा है कि मुड़वानी निवासी कमल नारायण सिंह गोंड़ और आतेश द्विवेदी के बीच बाइक ले जाने की बात को लेकर विवाद हुआ. जिसमें कमल नारायण ने आतेश पर धनुष से तीर चला दिया. धनुष से निकला तीर सीधे आतेश की कमर में जा धंसा. उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने कमर में लगे तीर को निकाल दिया. तीर के आगे का हिस्सा लोहे से बना था, वही युवक की कमर में दो-तीन इंच घुस गया था.

**जंगल में फरार हो गया आरोपी**

युवक पर तीर-धनुष से हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपी युवक की दो दिनों से तलाश कर रही है लेकिन वह नहीं मिला. बताया जा रहा है कि युवक चितरंगी और बगदरा क्षेत्र के घने जंगलों में जाकर छिप गया है. यही कारण है कि पुलिस उस तक पहुंच नहीं पा रही है.उप निरीक्षक सुरेंद्र यादव सिंगरौली पुलिस टीम जंगल में सर्च कर रही है लेकिन जंगल के बीच का रास्ता पता न होने से पुलिस को दिक्कत जा रही है. बाइक ले जाने की बात पर दोनो युवकों के विवाद हुआ था, तभी आरोपी कमल नारायण ने आतेश द्विवेदी पर तीर चला दिया, जो उसकी पीठ में कमर के पास लगा है.

### पटवारी मनीष गर्ग पर कार्य करने के एवज में 10 से 20 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप

शिवपुरी(आरएनएस)। खबर कलेक्ट्रेट कार्यालय से है जहां ग्राम पंचायत सालौदा में पदस्थ पटवारी मनीष गर्ग के द्वारा फौती नामांतरण, विक्रय पत्र नामांतरण, इंद्राज दुरूस्ती एवं नाबालगी कटवाने एवं सहमति बटवारा आदि उक्त कार्यों पर ग्राम पटवारी रिपोर्ट लगाने एवं आदेशों को अमल करने के एवज में 10 हजार रूपये से 20 हजार रूपये तक की रिश्वत लेने पर कार्यवाही करने की मांग समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर से की है। जानकारी के अनुसार ग्राम सरजापुर एवं सालौदा के किसानो ने बताया कि हमारे कुछ काम ऐसे हैं कि उक्त ग्राम पटवारी मनीष गर्ग के द्वारा हमारे कार्य जैसे कि फौती नामांतरण, विक्रय पत्र नामांतरण, इंद्राज दुरूस्ती, नाबालगी कटवाने एवं सहमति बटवारा पर सभी उक्त कार्यों पर पटवारी रिपोर्ट लगाने एवं आदेशों को अमल करने हेतु 10 हजार रूपये से लकर 20 हजार रूपये तक की रिश्वत जा रही है। इतना ही नही रिश्वत न देने पर काम नही किया जाता है। समस्त ग्रामवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर से उक्त पटवारी के विरुद्ध उचित जांच कराकर कार्यवाही करने और पटवारी को सालौदा से हटाने की मांग की है।

# ग्राम मुखास में खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन



कटनी (आरएनएस)। कटनी (10 मार्च) - म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्तावित आदर्श ग्राम मुखास में ब्लॉक समन्वयक बविता शाह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सीलोडी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुखास के सहयोग से खेर माता मंदिर प्रांगण में ग्राम उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे ग्राम में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं से हुई। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता और कुर्सी दौड जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नवांकुर संस्था सिलोडी के विकास हल्दकार द्वारा संस्था की ओर से पुरस्कार वितरित किए गए। पूरे आयोजन का सफल संचालन संस्था प्रभारी कोदू लाल हल्दकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता सत्येंद्र सिंह ने ग्राम वासियों को स्वच्छता के महत्व पर प्रेरणादायक जानकारी दी और सीएमसीएलडीपी छात्रों को क्षेत्रीय भ्रमण कराकर विकास कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम मुकद्दम धर्मेंद्र जी ने आदर्श ग्राम की अवधारणा को साकार करने के लिए सभी ग्रामीणों की सहभागिता पर जोर दिया।

### शासकीय भूमि पर दबंगो का कब्जा, कचरा डालने पर तार-फेंसिंग से छोड़ देते हैं करंट, हटाने की मा

शिवपुरी (आरएनएस)। खबर कलेक्ट्रेट कार्यालय से है जहां करैरा तहसील के ग्राम छितपुर में शासकीय ज़मीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया हैं महिला ने इसकी शिकायत कई बार की लेकिन आज तक शासकीय भूमि से कब्ज़ा नहीं हटा हैं।

जानकारी के अनुसार मनकू लोधी पत्नी जिहान सिंह लोधी निवासी ग्राम छितिपुर तहसील करैरा ने आज जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया की 29 जनवरी 2025 को गांव के दबंग रवि लोधी पुत्र नाथूराम लोधी, संतोष लोधी पुत्र नाथूराम लोधी, दीपक लोधी पुत्र नाथूराम लोधी ने भूमि खसरा नंबर 1166 रकवा 0.1500 हेक्टेयर पर लोहे की जाली लगाकर कब्जा कर लिया है जबकि भूमि शासकीय होने के चलते गांव के दबंग लोगों ने उस पर कब्जा कर लिया हैं।

## व्यापार समाचार

# ट्रंप के फैसलों से शेयर बाजार में हाहाकार, निवेशकों के 330 लाख करोड़ खाक



वाशिंगटर्न (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए जा रहे टैरिफ ने निवेशकों की मुश्किले बढ़ा दी है। जिस कारण अमेरिकी शेयर मार्किट में भारी गिरावट दिखाई दे रही है। इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी हो रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार में कारोबारी सत्र के दौरान पिछले दो साल की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। S&P 500 इंडेक्स 2.7% की गिरावट के साथ सितंबर के बाद अपने सबसे निचले लेवल पर पहुंच गया और 5,614.56 पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डैक कम्पोजिट 4 प्रतिशत टूटकर 17,468.32 अंक पर आ गया। यह नैस्डैक का सितंबर 2022 के बाद के सबसे खराब लेवल है। गिरावट के कारण, पिछले महीने एसएंडपी 500 के रिकॉर्ड लेवल से 4 ट्रिलियन डॉलर (करीब 330 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है।

**<u>इन कंपनियों को हुआ बड़ा नुकसान</u>**

कारोबारी सत्र के दौरान टेस्ला समेत कई बड़ी ग्लोबल कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एक समय 1100 अंक तक गिर गया था, लेकिन अंत में यह 890.01 अंक (2.08%) की गिरावट के साथ 41,911.71 पर बंद हुआ। यूएस स्टॉक मार्केट में आई बड़ी गिरावट से दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क को ज्यादा नुकसान हुआ। उनकी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला का शेयर 15.43 प्रतिशत टूटकर 222.15 डॉलर पर बंद हुआ। इसके अलावा NVIDIA का शेयर 5.07 % टूटकर 106.98 डॉलर पर आ गया। Microsoft के शेयर 3.34% की और अमेजन के शयेर में 2.36% की गिरावट देखी गई। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार में आईटी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 371.74 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,743.43 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 104.25 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,356.05 पर था। निफ्टी बैंक 349.75 अंक या 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,867.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 567.80 अंक या 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,872.30 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 252.05 अंक या 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,946.10 पर था।

### Indigo का होली धमाका ऑफर सिर्फ 1199 रुपए में हवाई सफर करने का मौका




नई दिल्ली, (आरएनएस)। होली के त्योहार को और भी रंगीन बनाने के लिए, भारत की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन, इंडिगो ने अपनी बहुप्रतीक्षित "होली गेटअवे सेल" की घोषणा की है। इस विशेष ऑफर के तहत, यात्री अब मात्र 1,199 रुपए से शुरू होने वाले अविश्वसनीय रूप से किफायती हवाई किराए का लाभ उठा सकते हैं। यह सुनहरा अवसर उन लोगों के लिए है जो होली पर अपने प्रियजनों से मिलना चाहते हैं या किसी मनोरम स्थान की यात्रा की योजना बना रहे हैं।इंडिगो की "होली गेटअवे सेल" आज, 10 मार्च से शुरू हो चुकी है और यह 12 मार्च तक जारी रहेगी। इस दौरान बुक की गई टिकटों पर 17 मार्च 2025 से 21 सितंबर 2025 के बीच यात्रा की जा सकती है। घरेलू उड़ानों के लिए एकतरफा किराया 1,199 रुपए से शुरू होता है, जबकि अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए यह 4,199 रुपए से शुरू होता है। किफायती किराए के अलावा, इंडिगो यात्रियों को कई आकर्षक ऐड-ऑन पर भी भारी छूट प्रदान कर रहा है।

### इंडसइंड बैंक के शेयर में 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट, मार्केट वैल्यू में आई 14,000 करोड़ रुपये की गिरावट

मुंबई, (आरएनएस)। इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को 20 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा, क्योंकि बैंक के इंटरनल रिव्यू में अनुमान लगाया गया है कि दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।




इस भारी गिरावट से बैंक की मार्केट वैल्यू में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर 720.35 रुपये पर पहुंच गया, जो एनएसई पर लोअर बैंड से नीचे चला गया।

इंटरनल रिव्यू के दौरान बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में 2.35 प्रतिशत की विसंगतियां पाए जाने के बाद बैंक की कुल संपत्ति में लगभग 2,100 करोड़ रुपये की गिरावट आने की उम्मीद है।

हिंदुजा प्रमोटेड लेंडर अपनी चौथी तिमाही की आय या अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2026) की पहली तिमाही में इस नुकसान की भरपाई करने की योजना बना रहा है।

इंटरनल रिव्यू निष्कर्षों ने बैंक के स्टॉक के लिए कई ब्रोकरेज से टारगेट प्राइस में कटौती की है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमंत कठपालिया को केवल एक वर्ष का विस्तार दिए जाने के कुछ दिनों बाद ताजा उथल-पुथल के बीच है।

बैंक ने बॉन्ड इंवेस्टमेंट क्लासिफिकेशन और वैल्यूएशन पर भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर 2023 के दिशानिर्देशों के अनुसार, डेरिवेटिव पोर्टफोलियो पर अपने इंटरनल निष्कर्षों के स्वतंत्र रूप से रिव्यू और सत्यापन के लिए एक एक्सटर्नल एजेंसी नियुक्त की है।

### शेयर बाजार में सपाट कारोबार

मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिय भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली से आई है। आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला बीच में उसमें रिकवरी हुई पर अंत में इसके बाद भी बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.85 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अंत में 37.60 तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की बढ़त रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। निफ्टी में सबसे ज्यादा सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और बीपीसीएल के शेयर ऊपर आये। वहीं इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉर्प और एमएंडएम के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर 2,469 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,499 शेयरों में बढ़त रही।धातु , संपत्ति, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस में 0.5 से 3 फीसदी तक की बढ़त रही जबकि ऑटो, आईटी और बैंक सेक्टर में 0.3 से 0.7 फीसदी की गिरावट रही।



### सोने में तेजी के साथ कारोबार, चांदी के भाव में भी तेजी

**<u>- सोने के भाव 85,600 रुपए, चांदी 96,800 रुपए के करीब</u>**

नई दिल्ली (ए)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 85,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में सुस्त शुरुआत के बाद सुधार देखने को मिल रहा है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 184 रुपये की तेजी के साथ 85,603 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 85,419 रुपये था। इस समय यह 214 रुपये की तेजी के साथ 85,633 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 281 रुपये की तेजी के साथ 96,746 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,465 रुपये था।

# फिच ने अदाणी एनर्जी को 'रेटिंग वॉच नेगेटिव' लिस्ट से हटाया, लंबी अवधि में मजबूत रहेगी आय



नई दिल्ली (ए)। (आईडीआर) फिच रेटिंग्स ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की लॉन्ग टर्म फॉरेन और लोकल-करेंसी इश्यूअर डिफॉल्ट रेटिंग्स (आईडीआर) को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है और कंपनी को 'रेटिंग वॉच नेगेटिव' लिस्ट से हटा दिया है।ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी ने कहा, हमारा मानना है कि समूह की तरलता और फंडिंग आवश्यकताओं से जुड़े जोखिम कम हो गए हैं।

अमेरिकी कार्रवाई के बाद से एईएसएल ने पर्याप्त फंडिंग तक पहुंच दिखाई है और उसने ऑनशोर और ऑफशोर बैंकिंग सुविधाओं से 51 अरब रुपये प्राप्त किए हैं। अदाणी ग्रुप की अन्य कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा भी मार्च में ड्यू हुई 1.1 अरब डॉलर की कंस्ट्रक्शन लिंक्ड सुविधा को रिफाइनेंस कर लिया गया है।इंटरनेशनल रेटिंग्स एजेंसी ने कहा, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में एईएसएल की उच्च परिसंपत्ति उपलब्धता 99.7 प्रतिशत पर थी। यह वित्त वर्ष 24 के स्तरों के करीब है और सभी रेगुलेटरी बेंचमार्क से ऊपर है।एईएसएल की क्रेडिट प्रोफाइल को भारत के स्थिर और अनुकूल विनियामक वातावरण से लाभ मिलता है।रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि मध्यम अवधि में इसकी ट्रांसमिशन एसेट्स से प्राप्त आय ईबीआईटीडीए में बड़ी हिस्सेदारी बनाए रखेगा। हालांकि, इसके स्मार्ट मीटरिंग कारोबार का योगदान बढ़ता रहेगा। नोट में कहा गया,हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में पूंजीगत व्यय बढ़कर 175 अरब रुपये प्रति वर्ष हो जाएगी। वित्त वर्ष 2024 में यह 40 अरब रुपये था। यह पूंजीगत व्यय निर्माणाधीन ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स और स्मार्ट मीटरिंग कारोबार पर किया जाएगा। एईएसएल ने डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व, संचालन और हस्तांतरण संरचना के तहत पांच भारतीय राज्यों में 22.8 मिलियन स्मार्ट मीटर लगाने की बोली जीती है।

### एक्स के खिलाफ साइबर हमला, एलन मस्क ने दी जानकारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। 'एक्स' यूजर को सोमवार को उस वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा, जब एक्स पर यूजर कुछ भी सर्च नहीं कर पा रहे थे। इसके पीछे क्या वजह थी, वह भी सामने आई है। बताया गया है कि एक्स पर साइबर अटैक हुआ था। जिसकी वजह से सारी सेवाएं ठप हो गई थीं। इस बात की जानकारी 'एक्स' प्लेटफॉर्म के मालिक एलन मस्क 'एक्स' पर पोस्ट कर दिया।

पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक्स पर एक बड़ा साइबर हमला हुआ, इसके पीछे के लोगों का पता लगाया जा रहा है। हम पर हर दिन हमला होता है, लेकिन यह बहुत सारे संसाधनों के साथ किया गया था। या तो एक बड़ा, समन्वित समूह और/या एक देश इसमें शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है। एक्स के डाउन होने की समस्या देशभर में देखने को मिली।

एक यूजर ने एक्स के डाउन होने पर लिखा, क्या ट्विटर डाउन है? क्या किसी और को भी यह समस्या हो रही है। एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसा लगता है कि कोई वास्तव में नहीं चाहता कि एक्स कामयाब हो। आश्चर्य है कि इसके पीछे कौन है। एक्स के डाउन होने के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी साझा करते हुए यूजर नजर आए। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया यूजर शिकायतें दर्ज करते हुए नजर आए।एक्स को अक्टूबर 2022 में मस्क ने अधिग्रहित किया था। एक्स को खरीदने के बाद मस्क द्वारा बड़े पैमाने पर छंटनी की गई थी। कई बड़े अधिकारियों को नौकरी से निकाला गया।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भाषा के झगड़े को तूल


मराठी को महाराष्ट्र और मुंबई की भाषा है, यहां रहने वाले व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी के बयान के बाद उठे विवाद पर कहा।

जोशी ने कहा था, मुंबई की एक भाषा नहीं है, मुंबई में कई भाषाएं हैं। अलग-अलग इलाकों की अलग-अलग भाषाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई आने वालों को मराठी सीखने की कोई जरूरत नहीं। इस पर विपक्षी महाअघाड़ी में शामिल राजनीतिक दल इस विवाद में एकजुट हो गए और जोशी के बयान की आलोचना की।

हालांकि बाद में जोशी ने बयान से पलटते हुए अपनी टिप्पणी को गलत तरीके से देखे जाने की बात की और मराठी को महाराष्ट्र व मुंबई की भाषा बताया। शिवसेना (उद्धव) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने जोशी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। देश के संविधान में 22 भारतीय भाषा को मान्यता दी गई है, जबकि आधिकारिक भाषाएं आज भी हिन्दी व अंग्रेजी ही हैं। राजनीति के चलते 2018 में इसमें असमिया व मणिपुरी को भी इसमें शामिल किया गया। विभिन्न राज्यों के लोग अपनी-अपनी भाषाओं को संविधान की अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाते रहते हैं। स्थानीय स्तर पर इन भाषाओं का महत्त्व होने के बावजूद आम जनता के लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। दक्षिणी राज्यों में भी हिन्दी का जो विरोध होता है, उसके पीछे शुद्ध राजनीतिक कारण हैं।

व्यावहारिक स्तर पर जोशी की बात सटीक हाने के बावजूद भाषाई विवाद को तूल देने वाले भी अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं। यह सही है कि मुंबई में मराठी बोलने वालों से गुजराती बोलने वाले भी कम नहीं हैं। दूसरे मुंबई हिन्दी फिल्मों का गढ़ है। जो दुनिया भर में देश की पहचान ही नहीं कायम करते हैं।

भाषा के झगड़े को तूल देने की जरूरत तो नहीं है मगर भैयाजी को भी अपना बयान सिर्फ इसीलिए वापस लेना पड़ा क्योंकि इससे मराठी भाषियों की भावनाएं आहत होने की आशंकाएं बढ़ रही थीं। मातृभाषाओं से प्रेम करने वाले भारतीय अपने देश की अखंडता और सहिष्णुता को भाषाई विभेद से बहुत ऊपर आंकते हैं। यही कारण है कि हम इतनी सारी बोलियों व भाषाओं को साथ लेकर चलते रहे हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के वाडिया इंस्टीट्यूट में जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा पर एक सेमिनार को संबोधित किया।

# यूक्रेन पर डोनाल्ड ट्रंप का तेवर

अवधेश कुमार

यूक्रेन मोर्चे पर अंतिम समाचार यह है कि ब्रिटेन फ्रांस और यूक्रेन ने मिलकर एक युद्धविराम योजना बनाई है जिसे अमेरिका के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की बात मानें तो इस पर लगभग सहमति बन गई है। युद्ध समाप्त करने पर चर्चा के लिए यूरोपीय नेताओं के साथ 2 मार्च को शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था।

इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज और रोमानिया के नेता के अलावा तुर्किये के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने भाग लिया। विश्व की दृष्टि से यह यूरोप का संपूर्ण सशक्त शिखर सम्मेलन था। विश्व ने देखा कि किस तरह यूरोपीय नेताओं ने वोलिदिमीर जेलेंस्की की आवभगत की तथा उन्हें महत्त्व दिया। ओवल ऑफिस यानी अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय से निकलने के बाद जेलेंस्की सीधे ब्रिटेन आए और प्रधानमंत्री स्टार्मर ने उन्हें गले लगाया और कहा कि उन्हें उनके देश का अटूट समर्थन प्राप्त है तो इसके पीछे तत्काल ट्रंप एवं दुनिया को एक संदेश देने की रणनीति है। वास्तव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस ढंग से यूक्रेन पर अपने तेवर दिखाए और पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रो के साथ उनकी बहस हुई तथा जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से बाहर किया गया वह दुनिया में सबसे बड़ी हलचल मचाने वाली घटना बन गई।

अमेरिकी इतिहास की यह पहली घटना थी जब व्हाइट हाउस में दो नेताओं के बीच इस तरह बहस हुई, दोनों उंगली उठाते दिखे तथा किसी विदेशी मेहमान को वहां से बाहर निकालना पड़ा। प्रश्न है कि अभी आगे होगा क्या? ऐसा दिख रहा है कि यूरोप के ज्यादातर नेता इस समय जेलेंस्की के साथ है। हालांकि वर्तमान यूरोपीय नेता अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उथल-पुथल के परिणाम से आशंकित हैं और वे संतुलित आचरण की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सधे हुए वक्तव्य में कहा कि अब हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि ब्रिटेन, फ्रांस और संभवत: एक या दो अन्य देशों के साथ मिलकर यूक्रेन के साथ लड़ाई रोकने की योजना पर काम किया जाएगा और फिर उस पर अमेरिका के साथ चर्चा



करेंगे। स्टार्मर ने कहा कि उन्हें पुतिन पर विश्वास नहीं है, लेकिन ट्रंप पर विश्वास है और वह जब कहते हैं कि उन्हें शांति चाहिए तो हम मान कर चलते हैं कि वह यही चाहते हैं। इसमें दो मत नहीं कि कोई समझौता स्थाई शांति की गारंटी होनी चाहिए। इसलिए स्टार्मर अगर कह रहे हैं कि हम अस्थाई युद्ध विराम का जोखिम नहीं ले सकते तो सामान्य तौर पर इसे असहमत होना कठिन है। एक बड़े समूह को ट्रंप का व्यवहार अटपटा और एकपक्षीय लग सकता है। धीरे-धीरे विश्व में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है जो मानते हैं कि उनका व्यवहार गलत नहीं है। एक समय यूक्रेन के प्रति विश्व की सहानुभूति थी और यह सच है कि अमेरिका और यूरोप की मदद के कारण पुतिन की युद्ध योजना पर तुषारापात हुआ। यूक्रेन जैसे छोटे देश को घुटनों पर लाना उनके लिए कठिन हो गया। किंतु पूरे काला सागर सहित क्रीमिया के क्षेत्र को देखें तो वहां लंबे समय से यूरोप की भूमिका के कारण ही स्थिति इतनी जटिल है कि उनका स्थाई निपटारा संभव नहीं। सोवियत संघ जिन राज्यों को मिलकर बना उनमें ज्यादातर आज स्वतंत्र हैं, पर उनकी भौगोलिक सीमाएं खासकर समुद्र में और आसपास इतनी स्पष्ट नहीं है। न भूलिए कि प्रथम और द्वितीय युद्ध विश्व युद्ध के पीछे उसे क्षेत्र की भौगोलिक जटिलताएं और राजनीतिक व्यवहार की बड़ी भूमिका थी। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बावजूद अमेरिका के समक्ष सोवियत संघ के दूसरी महाशक्ति के रूप में खड़ा होने के कारण थोड़ा संतुलन रहा तथा यूरोप के प्रमुख देशों ने आपस में भौगोलिक जटिलताएं खत्म कीं, राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाई। बावजूद न संपूर्ण यूरोप के लिए और न विश्व के लिए अस्थाई सुरक्षा और शांति सुनिश्चित हुई। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो और उसकी सेना कायम रही। अगर अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की ओर कदम आगे नहीं बढ़ाते तथा उसे हथियार नहीं देते तो पुतिन के लिए इस तरह आक्रमण करने का आधार नहीं बनता। शेष विषयों को छोड़ दें तो जेलेंस्की यह घोषणा कर देते कि वह नाटो का सदस्य नहीं बनेंगे तो भी शायद स्थिति इतनी बिगड़ती नहीं। सच यह है कि यूक्रेन-रूस युद्ध वियुद्ध की पृष्ठभूमि तैयार कर चुका है। कई बार आपको शांति के लिए दबाव और अन्य बाध्यकारी दबावकारी कड़े भी कदम उठाने पड़ते हैं। ऐसा लग रहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए ही ट्रंप ने इस स्तर कड़ा रु ख अपनाया है। जेलेंस्की को भी अमेरिका के महत्त्व का पता है और उन्होंने कहा है कि वह खनिज पर समझौते के लिए फिर से व्हाइट हाउस जाने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा की गारंटी चाहिए। जेलेंस्की विश्व इतिहास को ठीक से देखें। कोई देश किसी की सुरक्षा की स्थाई गारंटी नहीं दे सकता। इस समय उन्हें गारंटी दी जा सकती है। बस, वे स्वयं को भी बड़ी सैन्य शक्ति बनने या ऐसी अन्य महत्त्वाकांक्षाओं से अलग रखें। यूरोपीय देशों को भी समझना होगा कि पहले की तरह यूक्रेन की सैन्य और कूटनीतिक मदद जारी रखकर वे कुछ समय तक आर्थिक लाभ पा सकते हैं, रूस और यूक्रेन भी दबाव में रह सकता है, लेकिन यह विश्व को बड़े संकट में फंसाने वाला भी साबित होगा। यूरोपीय देशों में तत्काल सबसे ज्यादा सक्रिय ब्रिटेन और फ्रांस को भी अपनी शक्ति की सीमाओं का आभास होगा। अमेरिका के साथ यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था इतनी आबद्ध है कि वह इससे बिल्कुल अलग हटकर एकाएक नई सशक्त सुरक्षा प्रणाली उत्पन्न नहीं कर सकते। ब्रिटेन का तो नाभिकीय ढांचा तक अमेरिका के साथ अविच्छिन्न जुड़ाव है। उनको पूरी तरह अलग कर अमेरिका के विरुद्ध जाना इस समय असंभव लगता है। इसलिए उनके अंदर भी नये सिरे से मंथन चल रहा है। ट्रंप अड़े रहते हैं तो भविष्य में एक सहमतिकारक समझौता संभव है। कम से कम तत्काल विश्व के हित में होगा और आगे इस पर शांति की कोशिश हो सकती है।

# सिर्फ तमाशबीन पार्टी बन कर रह गई कांग्रेस

**हरिशंकर व्यास**

कांग्रेस पिछले एक दशक से ज्यादा समय से चुनाव हार रही है। लेकिन उससे पहले जब वह जीती और दो बार लगातार केंद्र में सरकार में रही तब भी उसका लोकप्रिय समर्थन अधिक नहीं था। जब वह कई राज्यों में सरकार में थी और केंद्र में भी उसकी सरकार थी तब भी कांग्रेस का जनाधार घट रहा था। कारण था भगवा रंग। वह भगवा, हिंदू विमर्श से बाहर होती गई। हालिया महाकुंभ प्रायोजित मगर लोकप्रिय विमर्श था। उत्तर भारत के हर गांव, घर में पिछले दो महीने से सिर्फ महाकुंभ की चर्चा थी। लेकिन कांग्रेस कहीं भी उस चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाई क्योंकि वह इस लोकप्रिय नैरेटिव से बाहर थी। कई दशक पहले से ऐसे ही थी लेकिन वास्तविक अर्थों में 1989 से कांग्रेस की गिरावट है। पिछली सदी के आखिरी एक दशक में दो लोकप्रिय विमर्श हुए थे। पहला, अयोध्या में राम मंदिर का आंदोलन और दूसरा पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण देने वाले मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करना। इन दोनों लोकप्रिय राजनीतिक विमर्शों में से कांग्रेस नदारद थी या फिर रिसीविंग एंड पर थी। यानी वह सबके हमले का निशाना बनी रही। हर तरफ से इन दोनों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया गया था।

हैरानी नहीं है जो पिछले साढ़े तीन दशक से ये ही दोनों नैरेटिव किसी न किसी रूप में भारतीय समाज और राजनीति दोनों को गाइड कर रहे हैं। पिछले 35 साल में मंदिर और मस्जिद का नैरेटिव स्थापित हुआ है और चला है या फिर आरक्षण का विमर्श चला है। इन 35 वर्षों में कांग्रेस 15 साल सत्ता में रही लेकिन न तो वह इन दोनों विमर्शों का



हिस्सा बनी और न इसे बदलने के लिए उसने कोई वैकल्पिक नैरेटिव खड़ा किया। सोचें, कांग्रेस के पास 1991 से 1996 तक का कैसा मौका था! उस समय वह चाहती तो मंदिर और आरक्षण यानी धर्म और जाति के राजनीतिक विमर्श को आर्थिक और विकास के विमर्श में बदल सकती थी। लेकिन उसने नहीं किया।

नरसिंह राव की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को उदारीकरण के रास्ते पर लाकर बड़ा मौका दिया था। अगर कांग्रेस उनके साथ ईमानदारी से खड़ी होती तो सारे विमर्श बदल जाते। देश में उद्योग धंधे लगते, रोजगार और नौकरियों के नए अवसर बनते, भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में शामिल होता लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जो हुआ उसका आकार बहुत छोटा और रफ्तार बहुत धीमी रही। इसका कारण यह था कि कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी के प्रति अपनी निष्ठा साबित करने में लगे रहे।

# मृत्यु अनसुलझे रहस्यों में से एक

**संजय गोस्वामी**

जीवन की कार्यप्रणाली के बारे में विज्ञान ने जो कुछ भी सीखा है, उसके बावजूद मृत्यु अब भी अनसुलझे रहस्यों में से एक है। दार्शनिक विलियम जेम्स ने 1909 में लिखा था, कभी-कभी मैं यह मानने के लिए ललचाता हूँ कि सृष्टिकर्ता ने प्रकृति के इस विभाग को हमेशा भ्रमित बनाये रखने का इरादा किया है, ताकि हमारी जिज्ञासा और आशाओं और संदेहों को समान रूप से उत्तेजित किया जा सके।बोर्जिगिन ने 2015 में जो प्रश्न पहली बार पूछा था - कि मृत्यु के समय मस्तिष्क में क्या होता है - वह एक चौथाई सहस्राब्दी पहले का है। सन् 1740 के आसपास, एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक ने एक प्रसिद्ध औषधि विक्रेता के मामले की समीक्षा की, जो बुरी बुखार और बहुत अधिक रक्तस्राव के कारण बेहोश हो गया था और उसे लगा कि वह धन्य लोगों के राज्य में चला गया है। डॉक्टर ने अनुमान लगाया कि फार्मासिस्ट की यह दुर्घटना मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण हुई थी। लेकिन उस प्रारंभिक रिपोर्ट से लेकर 20वीं सदी के मध्य तक, निकट-मृत्यु अनुभवों में वैज्ञानिक रुचि कम नहीं हुई थी।1892 में, स्विस पर्वतारोही और भूविज्ञानी अल्बर्ट हेम ने 30 अन्य पर्वतारोहियों के निकट-मृत्यु अनुभवों का पहला व्यवस्थित विवरण एकत्र किया, जो लगभग मरणासन्न स्थिति में पहुंच गये थे। हेम लिखते हैं कि कई मामलों में, पर्वतारोहियों को अचानक ही सब कुछ याद आ जाता है जो बीत चुका है, उन्हें सुन्दर संगीत सुनाई देता है, और वे गुलाबी बादलों वाले नीले आकाश में गिर जाते हैं।




मेष राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। हार्डवेयर का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में रुचि लेंगे। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। ट्रांसफर में आ रही दिक्कतें आज खत्म होंगी, ट्रांसफर आपकी मनपसंद जगह पर हो सकता है।

वृष राशि: आज का दिन आपको कारोबार में लाभ दिलाने वाला है। आज आपको किसी ख़ास रिश्तेदार से मिलने का मौका मिलेगा। सी-टीईटी की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी मेहनत जारी रखने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। ग्रोसरी का कारोबार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन आज खत्म होगी, जिससे घर में शांति का माहौल बना रहेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको किसी प्रकार का शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर में उत्साह का माहौल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी, आपका मन प्रसन्न रहेगा। मोबाइल एक्सेसरीज का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होने वाला है। आज अपने परिवार के प्रति विनम्र रहने की आवश्यकता है।

कर्क राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको बाहर के मसालेदार खाने से परहेज करने की जरूरत है, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में अपना पूरा फोकस काम पर रखें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज माता-पिता को स्पेशल फील कराएंगे, उनकी पसंद का गिफ्ट उन्हें दे सकते हैं। आज लवमेट डिनर पर जा सकते हैं।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। रेस्टोरेंट का कारोबार शुरू करने का विचार बना रहे लोगों को किसी बड़े की सलाह लेनी चाहिए। आज विद्यार्थी वर्ग किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे। आज ऑफिस के किसी टारगेट को अचीव करेंगे। आज आप फ्रेंड्स के साथ पिकनिक स्पॉट पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही परेशानी आज खत्म होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आप चुस्त दुरुस्त बने रहेंगे। साइबर कैफ़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है। लवमेट आज आपके लिए कुछ स्पेशल करेंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने दोस्त से होगी, जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। प्रेस में काम कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

तुला राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बैंक से लोन लेने में आ रही परेशानी आज खत्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जायेगा। कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे लोगों का आज ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्ट सेल होगा। आज अपने जीवनसाथी की पसंद का पकवान बनायेंगी, उन्हें बेहद खुशी होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन नए व्यापार को शुरू करने के लिए बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस से जरूरी कॉल आ सकती है, आज आपको मीटिंग अटेंड करनी पड़ सकती है। दांपत्य रिश्ते में हो रही अनबन आज खत्म होगी, जीवनसाथी के साथ दिन मनोरंजन से भरा रहेगा। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

धनु राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप वाहन खरीदने का विचार परिवार के साथ कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए आपको और मेहनत की आवश्यकता है, सफलता जरुर मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। नेगेटिव थिंकिंग रखने वाले लोगों से आज आपको दूरी बना कर रखनी चाहिए।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको कार्य क्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहने की जरुरत है। लवमेट को आज काफी देर तक फोन पर बात करने का अवसर मिलेगा। आज वकील वर्ग को किसी केस में जीत हासिल होगी। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी पढ़ाई को गति देने की आवश्यकता है। क्रॉकरी का कारोबार कर रहे लोगों को बिजनेस में आज अच्छा लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या से काफी राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ कई दिनों से चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी, जिससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आपके पिता किसी जरूरी बात पर आपकी सलाह लेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। आज किसी पर अधिक भरोसा करने से पहले उसे अच्छे से जान लें। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने का सही समय है। ऑनलाइन बिजनेस कर रहे लोगों को आज बड़ा ऑर्डर मिलने के योग है। इस राशि के लोगों को आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# ना-रंगी जमात की औरंगी सियासत

**-राकेश अचल**

सियासत का कोई एक रंग होता तो उसे आसानी से पहचाना जा सकता था,लेकिन मुल्क की सियासत तो बहुरंगी है। इन तमाम रंगों के बीच एक रंग ऐसा है जो नारंगी होकर भी ना-रंगी है। इस ना-रंगी सियासत की जमात अलग है। फर्जी की तरह टेढ़ी-टेढ़ी चलती है ,जैसे प्यादे से फर्जी होकर फर्जी चलता है। मेरा ख्याल है कि अब आप समझ गए होंगे कि मैं किस सियासत की और किस जमात की बात कर रहा हूँ ?

दरअसल मुल्क में ना-रंगी सयासत ने नैतिकता की तमाम हदों को पार कर लिया है और अब नारंगी सियासत मुल्क में औरंगी सियासत पर उतर आयी है। औरंगी यानी औरंगजेबी सियासत। अब नारंगी सियासत चाहती है कि इस मुल्क के इतिहास से न सिर्फ औरंगजेब को बल्कि इस मुल्क की धरती पर बनी औरनग्जेब की कब्र को भी तखलिया कह दिया जाये,ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी। नारंगी सियासत को लगता है कि जब तक इस मुल्क की जमीन पर औरंगजेब का नाम लेने वाली किताबें और लोग रहेंगे तब तक इस देश में नारंगियों की सियासत कामयाब नहीं हो सकती।

नारंगी सियासत देश की अर्थव्यव्स्थाकी दयनीय हालत,किसानों के आंदोलन ,कुपोषण,गरीबी से परेशान नहीं है। उसे परेशानी नहीं है दुनिया के आधुनिक औरंगजेबों से जो मुल्क कि अस्मिता और समरभूता कि धज्जियां उदा रहे हैं। उसे परेशान किये हुए है चैन से दो गज जमीन के नीचे 300 साल से सोया हुआ औरंगजेब। वो औरंगजेब जो इसी मुल्क की सरजमीं पर पैदा हुआ और इसी मुल्क की सरजमीं में सुपुर्दे ख़ाक कर दिया गया। तीन सौ साल पहले चूंकि इस मुल्क में कोई नारंगी सियासत करने वाला नहीं था इसलिए औरंगजेब को दो गज जमीन भी मिल गयी वरना यदि औरंगजेब आज मरता तो उसे दफन होने के लिए बहादुर शाह जफर की तरह रंगून या एमएफ हुसैन की तरह कुवैत ले जाना पड़ता। क्योंकि नारंगी सियासत में औरंगी सियासत के लिए कोई जमीं नहीं है ।

ताजा खबर ये है कि ना-रंगी बिर्गेड मुगल सम्राट रहे औरंगजेब की कब्र तक खोद कर फेंक देना चाहती है। नारंगी ब्रिगेड की मांग पर महाराष्ट्र की महान सरकार कानूनी रास्ते भी खोजने में लग गयी है। औरंगजेब की कब्र पुराने औरंगाबाद में है, जिसे नारंगी ब्रिगेड ने बदलकर छत्रपति संभाजी नगर कर दिया है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी इस मामले पर बयान दिया है। फडणवीस ने कहा है कि सभी का मानना है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित औरंगजेब की मजार को हटाया जाना चाहिए, लेकिन यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए।महाराष्ट्र की सतारा सीट से भाजपा के सांसद और मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब के मजार को हटाने की मांग की थी।उदयनराजे से पहले उनके तमाम पुरखों के दिमाग में ये हल्का ख्याल कभी नहीं आया। वे बीती ताहि बिसार दे के सिद्धांत पर अमल करते रहे।

इस शानदार मुल्क में नारंगी ब्रिगेड लम्बे इन्तजार के बाद सत्ता में आयी है। उसके दोनों और बैशाखियाँ लगीं हैं, लंगड़ाकर चलती है लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आना चाहती नारंगी ब्रिगेड। मुल्क के अमनो-अमान से उसे शायद चिढ है। नारंगी ब्रिगेड का ख्वाब तो इस मुल्क से 20 करोड़ मुसलमानों को देश निकला देने का है लेकिन वो ऐसा दस साल में नहीं कर पायी ,इसीलिए शायद अब औरंगजेब की कब्र हटाकर वो अपने ख्वाब में सांकेतिक रंग भरना चाहती है। यानि आप समझ सकते हैं कि घृणा मरकर भी नहीं मरती । तीन सौ साल बाद भी नहीं मरती घृणा अमर है अजर है। इसी घृणा के सहारे आजकल मुल्क की नारंगी सियासत चल रही है। भगवान श्रीराम भी इस घृणा को समूल समाप्त नहीं कर सकते। आने वाले दिन बेहद चुनौती भरे हैं। कुछ लोग हैं जो औरंगी राजनीती के बहाने खून की होली खेलना चाहते हैं। खेल शुरू भी हो गया है। कोई संभल में एक मसजिद का चेहरा पोतना चाहता है तो कोई चैम्पियन ट्राफी जीतने के बहाने बजरंगबली के नारे लगाकर अपना मकसद पूरा करना चाहता है ,हालाँकि किसी ने बजरंगबली से इसके बारे में कोई इजाजत नहीं ली है। नारंगी ब्रिगेड की औरंगी सियासत आजाद भारत की सबसे कड़वी ,काली और बदसूरत सियासत है। अब ये मुल्क की अवाम को तय करना है कि वो इसी तरह की सियासत को पसंद करती है या नहीं ? इस तरह की सियासत के चलते खामोश रहना भी एक तरह का गुनाह है। आप इसके खिलाफ लिखकर, बोलकर ,सड़कों पर निकलकर बिरोध कीजिये। और कुछ नहीं तो अपने मताधिकार के जरिये बोलिये। यदि आप सबने अपनी चुप्पी न तोड़ी तो तय मानिये कि ये नारंगियों की औरंगी सियासत इस मुल्क को पूरी दुनिया में मुंह दिखने लायक नहीं छोड़ेगी।बहरहाल औरंगजेब की कब्र समभाजी नगर में रहे या उखाड़ फेंकी जाये इससे न औरंगजेब की रूह को कोई फर्क पढ़ना है और न औरंगजेब के वारिसों को ,वे तो कहीं पंचर जोड़ रहे होंगे या बढ़ईगिरी कर रहे होंगे। फर्क पडेगा इस मुल्क के आइन को ,उस आइन को जिसकी कसमें खाते हमारे भाग्यविधाता नहीं थकते। आइन यानि संविधान। यदि संविधान के रहते ये मुल्क एक तीन सौ साल पुरानी किसी मुगल की कब्र नहीं बचा सकता तो आम आदमी के हको-हुकूक को क्या ख़ाक बचाएगा ? फिर इस संविधान की जरूरत क्या है ? मुझे इस बात में कोई संदेह यानि शक-सुब्हा नहीं है कि नारंगी ब्रिगेड औरंगजेब की कब्र को बख्श देगी। नारंगी ब्रिगेड इससे पहले बाबर के नाम से तामीर एक मुर्दा इमारत को जमीदोज कर चुकी है ,वो भी बिना किसी जेसीबी मशीन या बुलडोजर के। तो आप किसी दिन देखेंगे कि औरंगजेब की कब्र भी ठीक उसी तरह खोद फेंकी जाएगी हालांकि उस क्रूर बाशाह की कब्र किसी विवादास्पद जगह पर नहीं बनी है। ऊपर वाला नीचे हो रहे इस नाटक को रोक सके तो रोक ले अन्यथा नीचे रहने वाले भगवान तो खुद नारंगी और औरंगी सियासत के लंबरदार है। जय श्रीराम।



## कमर्शियल वाहनों की ग्रीन कार्ड के बिना चार धाम में नो एंट्री : देहरादून आरटीओ

देहरादून (आरएनएस)। चारधाम यात्रा में आने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को अब ग्रीन कार्ड के बिना एंट्री नहीं मिलेगी। इस बार ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को और भी सुगम बना दिया है।

देहरादून आरटीओ सुनील शर्मा ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि चारधाम यात्रा के लिए एक माह पहले ही ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे। पीली प्लेट की जितनी भी गाड़ियां हैं उनके लिए ही ग्रीन कार्ड बनाना जरूरी होगा, चाहे वाहन प्रदेश का हो या दूसरे राज्य का हो। बसों के संचालन के लिए यूनियन से बातचीत कर रोटेशन सिस्टम लागू किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि ग्रीन कार्ड एक फिटनेस सर्टिफिकेट है। बिना फिटनेस के वाहन चालकों को ग्रीन कार्ड नहीं मिलेगा। छोटी गाड़ी 400 और बड़ी गाड़ी की फीस 600 रुपये है। उसकी फिटनेस के बाद उसको ऑनलाइन ही ग्रीन कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

हिंदू धर्म के सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक माने जाने वाले चारधाम यात्रा का हिंदूओं के दिलों में अन्य हिंदू तीर्थस्थलों की तुलना में एक अलग धार्मिक महत्व है। यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिलकर बनी चार धाम यात्रा अप्रैल/मई के महीने से शुरू होती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चार धाम यात्रा की शुरुआत अक्षय तृतीया यानि 30 अप्रैल 2025 से होने जा रही है। बद्रीनाथ के कपाट 4 मई और केदारनाथ धाम के द्वार 2 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे।

## अबू आजमी ने छत्रपति संभाजी महाराज को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी

मुंबई,(आरएनएस)। मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने पर विवादों में घिरे समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी ने मंगलवार को छत्रपति संभाजी महाराज को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

सपा विधायक अबू आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छत्रपति संभाजी महाराज को फोटो पोस्ट किया। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, स्वराज्य के दूसरे छत्रपति, पराक्रमी योद्धा एवं वीर योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

जानकारी के अनुसार, छत्रपति संभाजी महाराज मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक थे। इनके पिता का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज था। 14 मई 1657 को जन्में छत्रपति संभाजी महाराज ने पिता की मृत्यु के बाद 1681 में मराठा साम्राज्य की बागडोर संभाली थी। वे अपनी वीरता, युद्ध कौशल और हिंदू स्वाभिमान के लिए जाने जाते हैं।

बता दें कि हाल ही में सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ की थी। इसके बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनकी आलोचना की। हालांकि, अबू आजमी ने विवाद बढ़ने पर अपने बयान को वापस ले लिया था। इसके बावजूद उन्हें मौजूदा विधानसभा सत्र से निलंबित कर दिया गया था। सपा नेता ने मौजूदा सत्र से निलंबन को राजनीति से प्रेरित बताया था।

सपा नेता ने वीडियो बयान में कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष ने मुझे पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। मुझे ताज्जुब हुआ कि मैंने विधानसभा के अंदर कोई गलत बात नहीं की थी। वहीं, बाहर हमने किसी महापुरुष के बारे में अपशब्द नहीं कहे। मैंने केवल इतिहास में वर्णित बातों का संदर्भ दिया था। इसके बाद भी विधानसभा अध्यक्ष ने हमें निलंबित कर दिया, जिसका हमें अफसोस है।

## पंजाब के गुरदासपुर में किसानों और पुलिस के बीच झड़प, लाठीचार्ज में 8 किसान घायल


गुरदासपुर (आरएनएस)। पंजाब के गुरदासरपुर जिले के श्रीहरगोबिंदपुर साहिब के पास गांव नंगलझोर में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार आठ किसान घायल बताए जा रहे है।

किसान नेताओं ने बताया कि श्रीहरगोबिंदपुर साहिब में गुजर रहे हाईवे को लेकर सरकार कब्जा लेना चाहती है, जबकि किसान नेता इसे नहीं देना चाहते है। इसी को लेकर किसानों-पुलिस प्रशासन के बीच टकराव हो गया। इस टकराव के दौरान कई किसानों की पगड़ियां उतर गईं। इस दौरान किसानों ने सरकार और पंजाब पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। घायल किसानों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

इस घटना ने किसानों और सरकार के बीच तनाव बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। ज़मीन अधिग्रहण कानूनों का सही पालन नहीं हो रहा है। उन्हें उचित मुआवज़ा नहीं मिल रहा है और उनकी ज़िंदगी का सहारा छीना जा रहा है। सरकार का कहना है कि विकास के लिए ज़मीन अधिग्रहण ज़रूरी है और वे किसानों को उचित मुआवज़ा दे रहे हैं।

# मुफ्त स्कीमों के वादों से बचेगी भाजपा? असम विधानसभा चुनाव से होगी नई शुरुआत

नई दिल्ली,(ए)। भाजपा अब चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने जैसी घोषणाओं (फ्रीबीज) पर ब्रेक लगाने की तैयारी में है। पार्टी ने इसके स्थान पर एक वैकल्पिक मॉडल तैयार किया है, जो सीधे कैश ट्रांसफर या अन्य छूट (नॉन परफॉर्मिंग एक्सपेंडिचर) की जगह राज्य की जीडीपी को गति देने वाले आर्थिक उपायों पर केंद्रित होगा। वैसे इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से हो सकती थी, लेकिन इसे असम विधानसभा चुनाव तक के लिए रोक कर रखा गया है। दरअसल बताया जा रहा है कि मुफ्त की स्कीमों के वादे की बजाय इस नए मॉडल की शुरुआत 2026 में होने वाले असम विधानसभा चुनाव से होगी। भाजपा यह व्यवस्था उन्हीं राज्यों में लागू करेगी, जहां पार्टी खुद सरकार में है, मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है या जहां अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। वैसे बताया यह भी गया है कि जहां पहले से फ्रीबीज की घोषणाएं हो चुकी हैं या पार्टी ने जिसका वादा किया हुआ है, वह योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन अगले चुनावों में वहां भी नया मॉडल लागू किया जाएगा। यानी 2028 के बाद भाजपा शासित सभी राज्यों में यह व्यवस्था होगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया जा रहा है कि दिल्ली चुनाव के दौरान ही शीर्ष नेतृत्व ने अगले चुनावों में फ्रीबीज का वैकल्पिक मॉडल अपनाने के लिए रणनीति बनाने पर विचार रखा था।




### सब्सिडी पर भी होगा पुनर्विचार

राज्य सरकारों को कई तरह की सब्सिडी पर हर महीने भारी खर्च करना पड़ता है। इनमें खाद्य सब्सिडी (जैसे- चावल और गेहूं को 2-3 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराना), कृषि सब्सिडी (किसानों को बिजली, उर्वरक और बीज पर दी जाने वाली छूट), शिक्षा और स्वास्थ्य सब्सिडी, परिवहन सब्सिडी तथा ऊर्जा सब्सिडी जैसी योजनाएं शामिल हैं।

असम भाजपा के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि राज्य में लगभग 4 लाख स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें प्रत्येक समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हैं। इस प्रकार कुल 40 लाख महिलाएं इससे लाभान्वित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार हर महिला को सालाना 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद देगी, जिससे उनका कारोबार बढ़ सके। अगले साल यह राशि 20 हजार रुपये कर दी जाएगी, जिसमें 10 हजार रुपये का लोन होगा, जिसे सस्ती ब्याज दरों पर चुकाना होगा, जबकि शेष 10 हजार रुपये सरकार की ओर से दिए जाएंगे। इस प्रकार, पांच सालों में प्रत्येक महिला को कुल 90 हजार रुपये का सहयोग मिलेगा, जिससे राज्य की आर्थिक गतिविधियों में लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का संचार होगा। इस नए फॉर्मूले के तहत भाजपा का लक्ष्य आर्थिक सुधार को प्राथमिकता देना और मुफ्त की योजनाओं की जगह उत्पादक निवेश को बढ़ावा देना है।

## होली पर महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर मिलेगा या फिर एक और जुमला : आतिशी



नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादों और दावों पर सवाल उठाए हैं। पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 8 मार्च को हर महिला के खाते में 2500 जमा किए जाएंगे।

विपक्ष का कहना है कि अभी तक इस योजना का रजिस्ट्रेशन तक शुरू नहीं हुआ है, जिससे महिलाओं के बीच निराशा बढ़ रही है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आई महिलाओं के साथ एक प्रेस वार्ता करते हुए कहा है कि भाजपा द्वारा किया गया दूसरा वादा था होली के अवसर पर हर महिला को मुफ्त गैस सिलेंडर देने का। जो अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहा है।

उन्होंने कहा कि होली में अब केवल तीन दिन बचे हैं, लेकिन दिल्ली की महिलाओं को यह समझ नहीं आ रहा कि उनके घर में फ्री सिलेंडर कब पहुंचेगा। दिल्ली के विभिन्न इलाकों से आई हुई महिलाएं आम आदमी पार्टी के विधायकों के कार्यालयों में जमा हो रही हैं और यह सवाल उठा रही हैं कि उनके फ्री सिलेंडर का क्या हुआ। महिलाओं का कहना है कि भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि 14 मार्च, होली के दिन, दिल्ली की सभी महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर मिलेगा या नहीं।

आतिशी ने कहा है कि महिलाओं का आरोप है कि यदि 2500 का वादा केवल एक जुमला निकला, तो क्या सिलेंडर का वादा भी महज एक छलावा साबित होगा? दिल्ली की महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष रेखा गुप्ता से जवाब मांगा है कि क्या होली पर मुफ्त सिलेंडर मिलेगा या फिर यह भी एक चुनावी वादा बनकर रह जाएगा?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत एक पेड़ लगाया, जबकि मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भी उन्हें देख रहे थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बठिंडा में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया.

## दिल्ली के आनंद विहार में झुग्गी में लगी आग, तीन लोगों की जलकर मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के आनंद विहार इलाके में झुग्गी-झोपड़ी में आग लगने से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है, जहां करीब दो बजे आग लग गई। जानकारी के अनुसार, डीडीए की खाली जमीन पर झुग्गी बनी हुई थी।

चश्मदीद नितिन ने बताया कि उसे रात में करीब दो बजे आग लगने की खबर मिली, जिसके बाद झुग्गी छोड़कर वह भाग गए। उन्होंने बताया कि उनके तीन साथी भी उसी झुग्गी में रहते थे और उन्हें लगा कि वे तीन लोग भी अपनी जान बचाकर बाहर निकल गए हैं, लेकिन वे तीनों बाहर नहीं निकल पाए थे और आग लगने से तीनों की जलकर मौत हो गई। नितिन ने बताया कि झुग्गी में



बिजली नहीं थी, जिस वजह से डीजल लैंप जलाया जा रहा था, जिससे आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचे और आग बुझने के बाद तीनों शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।

## एसीबी का जेडीए के करप्शन पर प्रहार : अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी, करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

जयपुर (आरएनएस)। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जयपुर विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को तड़के अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ है। एसीबी की दर्जनभर टीमों ने जयपुर के कई प्रमुख इलाकों में छानबीन जारी रखी है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश नवल के अनुसार गोपनीय जांच और सत्यापन में यह सामने आया कि अविनाश शर्मा ने सरकारी सेवा में रहते हुए अपनी आय से 253त्न अधिक, यानी लगभग 6.25 करोड़ रुपए की संपत्तियां अर्जित की हैं। शर्मा ने जयपुर के गोपालपुरा मोड़, मानसरोवर, सांगानेर, पृथ्वीराज नगर, जगतपुरा, प्रतापनगर और रिंग रोड के आसपास 25 से अधिक कॉलोनियों में 50 से ज्यादा संपत्तियां खरीदीं। इन संपत्तियों के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं।एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि छ्व्रष्ठ में तैनाती के दौरान अविनाश शर्मा ने गृह निर्माण समितियों और बिल्डरों को फायदा पहुंचाया। इसके बदले उन्होंने बेहद कम कीमतों पर भूखंड हासिल किए, जिनकी बाजार में कीमत करोड़ों रुपए है।

**बैंक खातों, निवेश और संपत्तियों का ब्यौरा**

अविनाश शर्मा और उनके परिवार के 7 बैंक खातों में करीब 30 लाख रुपए मिले। उनकी पुत्रियों की स्कूलिंग, कोचिंग और उच्च शिक्षा पर लगभग 50 लाख रुपए खर्च किए गए, जिसमें मणिपाल यूनिवर्सिटी और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में पढ़ाई शामिल है।

**म्यूचुअल फंड निवेश**

करीब 90 लाख रुपए का निवेश मिला। उन्होंने चौपहिया और दोपहिया वाहनों की खरीद पर करीब 25 लाख रुपए खर्च किए। इन ठिकानों पर ACB की छापेमारी जारी: मकान नंबर 157, हिम्मत नगर, गोपालपुरा मोड़, जयपुर। कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA)। प्लॉट नंबर 10.21, कीर्ति सागर, बदरवास, जयपुर (श्री रघुराम ढाबा)। प्लॉट नंबर 58, इनकम टैक्स कॉलोनी प्रथम, जगतपुरा, जयपुर। किंजल कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, SACRED COLONISERS PVT LTD, नीलकंठ रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड। सी-371, प्रधान मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर। प्लॉट नंबर 75, राठी नगर, बदरवास, जयपुर। ACB की टीम अभी भी विभिन्न दस्तावेजों और संपत्तियों की जांच कर रही है। माना जा रहा है कि JDA में रहते हुए नियमों के खिलाफ जाकर कॉलोनियों के डेवलपर्स को फायदा पहुंचाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते JDA के विभिन्न जोन और कार्यालयों में तलाशी अभियान जारी है।

## केतकी सिंह की मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों की एंट्री बैन मांग पर सपा का पलटवार, फखरुल हसन चांद ने भाजपा पर साधा निशाना

लखनऊ (आरएनएस)। भाजपा विधायक केतकी सिंह ने बलिया जिले में बनने वाले मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने की मांग की है। उनके इस बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा। फखरुल हसन चांद ने वीडियो बयान में कहा कि भाजपा विधायक केतकी सिंह का बयान पीडीए के खिलाफ है। यह पहला बयान नहीं है जो भाजपा ने पीडीए के खिलाफ दिया हो। भाजपा की ओर से अभी तक किसी ने भी केतकी सिंह के बयान का खंडन नहीं किया है। इसलिए सपा समझती है कि ये बयान भारतीय जनता पार्टी का बयान है। सपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि भाजपा विधायक योगेश वर्मा के साथ क्या व्यवहार हुआ था ये किसी से छिपा नहीं है। उत्तर प्रदेश में दलित परिवार के बारात ले जाने पर क्या व्यवहार हुआ था, ये भी किसी से छिपा नहीं है। समाजवादी पार्टी केतकी सिंह के बयान की निंदा करती है।बता दें कि भाजपा विधायक केतकी सिंह ने बलिया जिले में बनने वाले मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने मांग रखी है कि इस मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के लिए अलग विंग बनाया जाए। हिंदुओं को सुरक्षित रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और इसे समाज को बांटने वाला बयान बताया जा रहा है।भाजपा विधायक ने यह भी कहा था कि मुसलमानों को हमारे त्योहारों जैसे होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा से परेशानी होती है, तो उन्हें हमारे साथ इलाज कराने में भी दिक्कत हो सकती है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि उनके लिए अलग से भवन और विंग बना दे, ताकि वे वहां जाकर अपना इलाज करा सकें और हम भी सुरक्षित महसूस कर सकें।

## हथियारबंद बदमाशों ने परिवार पर किया हमला, फायरिंग से दहशत

भरतपुर (आरएनएस)। रुदावल थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में दो बदमाशों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। देर रात हुई इस वारदात का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें फायरिंग की आवाज सुनी जा सकती है। हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है, जबकि घर की दीवारों पर गोलियों के निशान बने हुए हैं।

पीड़ित साहब सिंह ने FIR दर्ज कराई और बताया कि रात करीब 9 बजे वह घर पर था, तभी भगवान सिंह और लखन बंदूक व धारदार हथियार लेकर पहुंचे और आते ही उसके ताऊ रामरूप की छाती पर बट से हमला कर दिया। जब परिवार के अन्य लोग रामरूप को बचाने आए तो आरोपियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।परिवार के सदस्यों ने किसी तरह घर के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से खाली कारतूस बरामद किए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों से उन्हें जान का खतरा बना हुआ है।

## दादूपुर नलवी को लेकर विपक्ष कर रहा गुमराह - सीएम नायब सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस) । हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में कांग्रेस विधायकों ने प्रदेश के तमाम मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। इसमें एक मुद्दा दादूपुर नलवी को लेकर भी था। जिस पर विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा। दादूपुर नलवी मामले को लेकर विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मीडिया से बात की।



नायब सैनी ने कहा कि इस मामले पर मैं कहना चाहता हूं कि दादूपुर नलवी के मामले पर सरकार की तरफ से हमेशा जवाब दिया गया है। लेकिन, मैं कहना चाहता हूं कि जब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं रहता है, तो इस तरह के मुद्दों को हवा देते हैं। सैनी ने कहा कि उच्च न्यायालय के 76 पेज के फैसले में कहीं पर भी नहीं लिखा है कि दोबारा नहर बनाई जाए। विपक्ष इसे लेकर लोगों को गुमराह कर रहा है कि दोबारा नहर बनाने का आदेश दिया गया है। विपक्ष कम से कम फैसला तो पढ़ लें। विपक्षी नेता झूठा आरोप क्यों लगाते हैं और गुमराह क्यों करते हैं।

सदन में अंबाला शहर के कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने दादूपुर नलवी मामले का मुद्दा उठाया। उन्होंने कोर्ट के फैसले के तहत सरकार से यह जानने का प्रयास किया कि दादूपुर नलवी नहर के निर्माण का कोई आदेश सरकार के पास पहुंचा है या नहीं। अगर पहुंचा है तो दोबारा नहर का निर्माण कब होगा।

दूसरी ओर सीएम नायब सैनी ने कहा कि अभी सरकार ने 100 दिन पूरे किए है, बजट अभी प्रस्तुत नहीं हुआ है। लेकिन, हम अपने वादों को पूरा करने लगे हैं। साढ़े 13 लाख बहनों को 500 रुपये में गैस का सिलेंडर दे रहे है। हिमाचल और कर्नाटक की सरकार ने जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं किए।

# साड़ी में कहर बरपाती दिखीं तमिल की हसीना यशिका आनंद



साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री यशिका आनंद अक्सर अपने हॉट और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर फैंस को अपने हुस्न का कायल बनाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस यशिका आनंद हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस यशिका आनंद ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस यशिका आनंद जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीर और वीडियोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।हालिया शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने लैवेंडर कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसके सीक्वेन्स में उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है।गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस यशिका आनंद ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अवतार इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है। बता दें कि यशिका आनंद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

### नितिन स्टारर रॉबिनहुड का तीसरा गाना आधि धा सरप्रिसु रिलीज, केतिका शर्मा के ग्लैमरस साथ शुरू हुआ फिल्म का प्रमोशन

नायक नितिन अभिनीत और वेंकी कुदुमुला द्वारा निर्देशित रॉबिनहुड के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित तीसरा सिंगल आधी धा सरप्रिसु रिलीज़ कर दिया है। मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फ़िल्म में श्रीलीला मुख्य महिला कलाकार हैं। केतिका शर्मा के किरदार के इर्द-गिर्द कई आश्चर्यजनक और हास्यपूर्ण घटनाओं को दिखाने वाला यह गाना एक मज़ेदार मोड़ है। जीवी प्रकाश कुमार ने संक्रामक बीट्स के साथ एक उच्च-ऊर्जा वाला सामूहिक गीत प्रस्तुत किया है, और वीणा और नादस्वरम के जुड़ने से इसमें एक अनूठा, उत्तम दर्जे का स्पर्श भर गया है।

केतिका शर्मा ने इस विशेष गीत में ग्लैमर और आकर्षण को सहजता से जोड़ते हुए, अपने आकर्षक चमेली ब्लाउज़ और उग्र नृत्य चालों के साथ इस गाने को एक दृश्य उपचार बना दिया है। उनका कामुक प्रदर्शन निश्चित रूप से डांस फ़्लोर को गर्म कर देता है। नीति मोहन और अनुराग कुलकर्णी ने अपने जीवंत स्वरों से इस गाने को जीवंत कर दिया है, जबकि अकादमी पुरस्कार विजेता चंद्रबोस द्वारा लिखे गए विचित्र बोल इसके आकर्षण को और बढ़ा देते हैं।

# राजकुमार राव की फिल्म मालिक में शामिल हुई हुमा कुरैशी

अभिनेता राजकुमार राव को पिछली बार फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।अब राजकुमार जल्द ही फिल्म मालिक के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है।वह डेढ़ बीघा जमीन, बोस- डेड/अलाइव और भक्त जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।अब मालिक में हुमा कुरैशी की एंट्री हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, मालिक की स्टार कास्ट में हुमा शामिल हो गई हैं।

इस फिल्म में वह मेहमान (कैमियो) भूमिका निभाती नजर आएंगी।कहा जा रहा है कि राजकुमार की फिल्म में हुमा एक खास गाने पर डांस करती दिखाई देंगी। अपने हिस्से की शूटिंग उन्होंने 2024 में कर ली थी।बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म मोनिका ओ माय डार्लिंग के बाद मालिक राजकुमार और हुमा के बीच दूसरा सहयोग है।यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें राजकुमार एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म में उनका अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा।फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने




टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। गौरतलब है कि इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का पहला पोस्टर पिछले साल राजकुमार के 40वें जन्मदिन पर रिलीज किया गया था।

# बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ रही विक्की कौशल की छावा, 700 करोड़ से चंद कदम दूर विक्की कौशल की फिल्म

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम करके भारतवासियों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया. करोडों लोगों ने इस जीत का जश्न मनाया. लेकिन इसके बावजूद छावा बॉक्स ऑफिस पर छाई रही और दुनियाभर में फिल्म ने जबरदस्त कमाई की. वहीं इंडिया में छावा पहले ही 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और फिल्म को थिएटर में एक महीना जल्द ही पूरा होने वाला है. लेकिन अभी भी छावा अपनी कमाई की रफ्तार को जारी रखते हुए आगे बढ़ रही है.

मीडिया ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, विक्की कौशल स्टारर छावा ने भारत में 24वें दिन 11.05 करोड़ रुपये की कमाई की जो कि पिछले दिन से कम थी लेकिन औसत कमाई के हिसाब से यह आंकड़ा अच्छा है. 24वें दिन की कमाई के साथ ही छावा ने भारत में 520.55 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. फिल्म का यह चौथा वीकेंड था और इसे रिलीज हुए एक महीना होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं. लेकिन छावा की कमाई की रफ्तार बढ़ती ही जा रही है और फिल्म आगे भी कई रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है.




वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और बॉबी देओल की छावा भारत के साथ ही दुनियाभर में भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 23वें दिन वर्ल्डवाइड 691 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया फिलहाल 24वें दिन के आंकड़े आना बाकी हैं लेकिन उम्मीद के मुताबिक इसका आंकड़ा 700 करोड़ रुपये के पार हो जाएगा.

9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया जिसमें भारत विजेता बनकर उभरा. अंदाजा था कि छावा की कमाई पर इस मैच का असर हो सकता है लेकिन असल में कुछ खास असर नहीं दिखा. 23 वें दिन से कमाई में थोड़ी गिरावट दर्ज हुई लेकिन ओवरऑल फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया.

छावा में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है वहीं रश्मिका मंदाना ने उनकी पत्नी येसूबाई भोंसले और अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है. इनके अलावा फिल्म में आशुतोश राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता, डायना पेंटी के भी अहम किरदार हैं. फिल्म 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई थी और लगातार दर्शकों को थिएटर में खींचने तक सफल रही है. अब थिएटर में अगली बड़ी रिलीज सलमान खान की सिकंदर रिलीज होगी जो कि ईद पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी. तब तक छावा के लिए मैदान खाली है.

# जेलर 2 की शूटिंग शुरू, सामने आया थलाइवा रजनीकांत का खून से लथपथ दमदार लुक



साउथ सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए गुड न्यूज है. जेलर मेकर्स ने फिल्म के पार्ट 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. सुपरस्टार रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर जेलर 2 के मेकर्स ने अनाउंसमेंट किया है कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है. मेकर्स ने इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है.जेलर के बाद निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार चेन्नई में जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. सन पिक्चर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जेलर 2 का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, मुथुवेल पंडियन की तलाश शुरू, जेलर 2 की शूटिंग आज से शुरू हो रही है. इस फिल्म में रजनीकांत अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे.रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग सबसे पहले चेन्नई में होने की संभावना है. इसके बाद फिल्म की शूटिंग गोवा और तमिलनाडु के थेनी समेत अन्य शहरों में होने की उम्मीद है. फिल्म का पहला शेड्यूल 15 दिनों में पूरा होने की संभावना है.सन पिक्चर्स निर्मित इस फिल्म में कलाकारों में नए कलाकार शामिल होंगे. ऐसी अफवाहें भी हैं कि कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिवा राजकुमार और मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल जेलर 2 का हिस्सा होंगे।

## सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आएगी उत्कर्ष शर्मा-नाना पाटेकर की वनवास, 14 मार्च को जी5 पर होगी रिलीज

सनी देओल अभिनीत गदर मूवी फेम निर्देशक अनिल शर्मा बीते वर्ष दिसंबर में फैमिली ड्रामा फिल्म वनवास लेकर आए। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में हुई है। पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी यह खूबसूरत फिल्म 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। किन्हीं कारणों से जो दर्शक इस फिल्म को थिएटर्स में नहीं देख सके, उनके पास अब इसे ओटीटी पर देखने का मौका है। फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट का एलान हो गया है।

दर्शक काफी वक्त से फिल्म वनवास की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। आखिर उनका इंतजार पूरा हो गया है। अनिल शर्मा ने दर्शकों को होली का तोहफा दिया है। यह फिल्म होली के अवसर पर शुक्रवार 14 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देखी जा सकेगी। जी5 के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है।

# होली खेलने के बाद रंग हटाने के लिए अपनाएं ये नुस्खे, चुटकियों में साफ होगी त्वचा



होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को इंतजार रहता है। रंगों से सराबोर यह पर्व भाईचारे का प्रतीक होता है।होली मनाते समय लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं। ये रंग त्वचा पर चढ़ जाते हैं और आसानी से साफ नहीं होते। ऐसे में आप होली के रंग छुड़ाने के लिए ये घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। इनके जरिए आपकी त्वचा आसानी से साफ हो जाएगी और एक प्राकृतिक चमक भी मिलेगी।

### दही और शहद मिलाकर लगाएं

होली खेलने के बाद सबसे पहले पानी और साबुन के जरिए त्वचा को साफ कर लें। इसके बाद अपने पूरे शरीर पर दही और शहद का पैक लगाएं, जो पक्के रंगों को भी साफ कर देगा।इस पैक को लगाकर कुछ देर सूख जाने दें, फिर हल्के हाथों से रगड़ते हुए पानी से साफ कर लें। यह पैक आपकी त्वचा को पोषण प्रदान करेगा, एक प्राकृतिक निखार देगा और रंगों के कारण होने वाले सूखेपन से भी छुटकारा दिलाएगा।

### बेसन का उबटन इस्तेमाल करें

बचपन में जब हम होली खेलकर घर पहुंचते थे तो मम्मी हमारे शरीर पर उबटन रगड़ती थीं। इस प्राकृतिक लेप की मदद से सारा गुलाल और रंग उतर जाता था।आज भी यह नुस्खा उतना ही कारगर है। इसके लिए बेसन, आटे, गुलाब जल और हल्दी का घोल बनाएं और शरीर पर लगा लें।इसे धीरे-धीरे रगड़ते हुए साफ करें, ताकि आपकी त्वचा एक्सफोलिएट भी हो सके। उबटन मृत त्वचा को हटाते हुए रंगों को अच्छी तरह साफ कर देगा।

### नारियल तेल भी आ सकता है काम

वैसे तो होली खेलने से पहले शरीर पर तेल जरूर लगा लेना चाहिए। हालांकि, अगर आप ऐसा करना भूल गए हैं तो रंग साफ करने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें।नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें और चेहरे व शरीर पर लगा लें। इसे लगाने के बाद हल्के हाथों से मालिश करें, जिससे रंग छूटना शुरू हो जाएगा।इस तेल के जरिए रंगों के कारण होने वाली जलन को शांत करने में भी मदद मिल सकती है।

### नींबू का रस होगा कारगर

नींबू का रस भी रंग साफ करने का एक अच्छा नुस्खा हो सकता है, जिसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं होता। इसके लिए एक कटोरी में नींबू निचोड़ें और उसमें एक चम्मच दही या शहद मिला दें।इस गाढ़े घोल को अपने चेहरे और शरीर पर लगाएं और कुछ देर के लिए सूख जाने दें। इसके बाद पानी के जरिए इसे साफ कर लें। आपको होली खेलने से पहले इन तरीकों से अपनी त्वचा का ख्याल रखना चाहिए।

# डिजिटल स्क्रीन टाइम कम करने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके



आजकल की डिजिटल दुनिया में स्क्रीन टाइम का बढ़ना आम समस्या है। मोबाइल, लैपटॉप या टीवी, हम सभी का समय इन उपकरणों पर अधिक बीतता है।इनसे आंखों और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। इसलिए स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना जरूरी है।इस लेख में हम आपको पांच सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने डिजिटल स्क्रीन टाइम को आसानी से कम कर सकते हैं।

### समय सीमा निर्धारित करें

स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने के लिए सबसे पहला कदम है कि एक समय सीमा तय करना।आप अपने दिनचर्या में कुछ खास घंटे निर्धारित कर सकते हैं जब आप केवल जरूरी कामों के लिए ही स्क्रीन का उपयोग करेंगे। उदाहरण के लिए सुबह उठने के बाद और रात को सोने से पहले एक निश्चित समय तक ही फोन या कंप्यूटर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी आंखों को आराम मिलेगा और मानसिक तनाव भी कम होगा।

### नोटिफिकेशन बंद करें

अक्सर हमारे फोन या कंप्यूटर पर आने वाले नोटिफिकेशन हमें बार-बार ध्यान भटकाते हैं, जिससे अनावश्यक रूप से स्क्रीन देखने की आदत बन जाती है। इन्हें बंद करके आप इस आदत से बच सकते हैं।सोशल मीडिया ऐप्स और अन्य गैर-जरूरी ऐप्स की नोटिफिकेशन बंद कर दें ताकि आपका ध्यान बार-बार न भटके और आप अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। यह तरीका आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है।

### ऑफलाइन एक्टिविटी बढ़ाएं

स्क्रीन टाइम कम करने के लिए ऑफलाइन गतिविधियों में हिस्सा लेना बहुत फायदेमंद होता है, जैसे कि किताब पढ़ना, पेंटिंग करना, बागवानी करना या दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताना आदि शामिल हो सकता है।ये गतिविधियां न केवल आपके दिमाग को तरोताजा करती हैं बल्कि आपको वास्तविक दुनिया से जुड़ने का मौका भी देती हैं।इसके अलावा ये आपको नई चीजें सीखने और अपनी रचनात्मकता को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करती है।

### डिजिटल डिटॉक्स डे की योजना बनाएं

डिजिटल डिटॉक्स डे यानी ऐसा दिन जब आप पूरी तरह से डिजिटल उपकरणों से दूर रहें, यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।सप्ताह में एक दिन ऐसा चुनें जब आप फोन, लैपटॉप या टीवी बिल्कुल न देखें और उस दिन सिर्फ खुद पर ध्यान दें। यह आपके मन-मस्तिष्क को शांत करेगा और आपको नई ऊर्जा देगा।

### तकनीकी सहायता लें

आजकल कई ऐसे ऐप्स उपलब्ध हैं, जो आपके स्क्रीन टाइम को ट्रैक करते हैं और उसे नियंत्रित करने में मदद करते हैं।इनका उपयोग करके आप जान सकते हैं कि किस ऐप पर कितना समय व्यतीत हो रहा है और उसे कैसे सीमित किया जा सकता है।ये ऐप्स आपको रिमाइंडर भी देते रहते हैं ताकि आप अपनी तय सीमा पार न करें। इन तरीकों को अपनाकर आप आसानी से अपने डिजिटल स्क्रीन टाइम को नियंत्रित कर सकते हैं।

# सऊदी अरब में वार्ता से पहले मॉस्को में हमला, रूस का दावा- यूक्रेन ने किया ड्रोन अटैक



मॉस्को, (आरएनएस)। यूक्रेन ने मंगलवार को रूसी राजधानी पर अपना सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस में कुल 337 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। 91 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में गिराए गए जबकि और 126 कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जहां से यूक्रेनी सेनाएं पीछे हट रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन अटैक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, एयरपोर्ट बंद हो गए और दर्जनों उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। यह बड़ा ड्रोन हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेनी अधिकारियों का एक दल तीन वर्ष पुराने युद्ध में संभावित शांति वार्ता के लिए आधार तलाशने के लिए सऊदी अरब में अमेरिकी दल से मिलने की तैयारी कर रहा है। वहीं रूसी सेना पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क में हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेरने की कोशिश कर रही है। बता दें पिछले साल अगस्त में हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। रूस को हाल के दिनों में क्षेत्र में कुछ कामयाबी मिली है।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि हवाई सुरक्षा अभी भी शहर पर हमलों को रोक रही है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, मॉस्को पर दुश्मन के यूएवी (मानव रहित हवाई वाहनों) के सबसे बड़े हमले को नाकाम कर दिया गया है। रूस की राजधानी और आस-पास के क्षेत्र की आबादी कम से कम 21 मिलियन है। यह यूरोप के सबसे बड़े महानगरीय क्षेत्रों में से एक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने कहा कि कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। उन्होंने एक क्षतिग्रस्त अपार्टमेंट की तस्वीर पोस्ट की, जिसकी खिड़कियां हमले में उड़ गई थीं। वोरोब्योव ने कहा कि कुछ लोगों को क्रेमलिन से लगभग 50 किमी (31 मील) दक्षिण-पूर्व में मॉस्को क्षेत्र के रामेंस्कोय जिले में एक बहुमंजिला इमारत खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को में दहशत का कोई संकेत नहीं था, यात्री सेंट्रल मॉस्को में सामान्य रूप से काम पर जाते देखे गए। रूस के विमानन निगरानीकर्ता ने कहा कि हमलों के बाद हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मास्को के सभी चार हवाई अड्डों पर उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। मास्को के पूर्व में यारोस्लाव और निजनी नोवगोरोड क्षेत्रों में दो अन्य हवाई अड्डे भी बंद कर दिए गए हैं।

## एलन मस्क ने एक्स पर हुए साइबर हमले के तार यूक्रेन से जुड़े होने के दिए संकेत

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने संकेत दिए हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हाल में हुए साइबर हमले के तार यूक्रेन से जुड़े हो सकते हैं। इस साइबर हमले के कारण एक्स पर एक बड़ा ग्लोबल आउटेज हुआ था।



भारत सहित यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया के लाखों यूजर्स सोमवार को लंबे समय तक माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को एक्सेस नहीं कर पा रहे थे। आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, एक्स आउटेज दोपहर 3 बजे पीक पर था।

मीडिया से बात करते हुए एक्स के मालिक मस्क ने आरोप लगाया कि साइबर अटैक के डिजिटल ट्रेस यूक्रेन से उत्पन्न हुए थे।फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में मस्क ने कहा, हमें ठीक से पता नहीं है कि क्या हुआ था, लेकिन यह यूक्रेन एरिया से उत्पन्न आईपी एड्रेस के साथ एक्स सिस्टम को डाउन करने की कोशिश के साथ एक बड़ा साइबर अटैक था।डाउनटाइम के दौरान, एक्स ने पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया था और 40 हजार से ज्यादा यूजर्स को कनेक्टिविटी की समस्या का सामना करना पड़ा और वे पोस्ट करने या प्लेटफॉर्म पर पेज खोलने में भी असमर्थ थे।एक्स पर साइबर हमले के रूप में आउटेज की पुष्टि करते हुए मस्क ने सोमवार को कहा था कि वे उन लोगों का पता लगाएंगे जो इस हमले के पीछे हैं।टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने एक पोस्ट में कहा, हम पर हर दिन अटैक होता है, लेकिन यह बहुत सारे रिसोर्स के साथ किया गया था। अटैक या तो एक बड़े कॉर्डिनेटेड ग्रुप या किसी देश की ओर से किया गया, हम पता लगा रहे हैं।

## पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार, डॉक्टरों ने कहा- जान को कोई खतरा नहीं

वेटिकन सिटी,(आरएनएस)। वेटिकन ने बताया कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है और जान को कोई खतरा नहीं है।वेटिकन ने पोप फ्रांसिस की हेल्थ के बारे में बताया कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। हालांकि, उनकी स्थिति अभी भी जटिल है।

वेटिकन ने एक बयान में कहा, होली फादर की चिकित्सा स्थितियां अभी भी स्थिर बनी हुई है।बयान में कहा गया है कि पिछले दिनों में जो सुधार हुए थे, वे अब और बेहतर हो गए हैं, जैसा कि खून के टेस्ट, डॉक्टर की जांच और दवाइयों के अच्छे असर से साबित हुआ है।डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पोप फ्रांसिस अपना इलाज पूरा करने के लिए कुछ और दिनों के लिए चिकित्सा निगरानी में रहें, क्योंकि उनकी स्थिति जटिल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने के समय गंभीर संक्रमण था।पोप फ्रांसिस की तबीयत में सुधार हो रहा है और वह अपने इलाज के दौरान शारीरिक तथा सांस संबंधी चिकित्सा से गुजर रहे हैं। वे रात में ऑक्सीजन मास्क और दिन में हाई-फ्लो ऑक्सीजन कैनुला का उपयोग करते हैं।हालांकि, पोप ने अपने प्रवेश के बाद से कोई सार्वजनिक उपस्थिति नहीं दिखाई है, लेकिन वे वीडियो लिंक के माध्यम से वेटिकन की प्रार्थनाओं का पालन करते हैं।

पिछले सप्ताह पोप ने एक ऑडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना और समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।लगातार चार रविवार तक अपनी एंजेल्स प्रार्थना में शामिल नहीं होने के बावजूद पोप फ्रांसिस ने अपनी चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक संदेश साझा किया।

उन्होंने लिखा, मैं भी सेवा की सोच और देखभाल की कोमलता का अनुभव करता हूं, विशेष रूप से डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

## 10 साल के बेटे के ऊपर बैठ गई 154 किलो की मां, तड़प-तड़प कर हुई मौत

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मां ने अपने बच्चे को दर्दनाक मौत दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।मां ने अपने बच्चे को इस तरह मारा कि हर किसी की रूह कांप गई। 150 किलो से ज्यादा वजनी महिला अपने 10 साल के बेटे के उपर बैठ गई। खबर है कि महिला फॉस्टर यानी बच्चे की पालक मां थी। वहीं, महिला ने भी बच्चे के ऊपर बैठने की बात स्वीकार की है। 10 साल के बच्चे की पहचान डकोटा लिवाई स्टीवन्स के तौर पर हुई है। वह इंडियाना का रहने वाला था। वहीं, महिला की पहचान 48 साल की जेनिफर ली विल्सन बताई जा रही है, जिसका वजन करीब 154 किलो है। वह कथित तौर पर बच्चे पर यह सोचकर बैठ गई थीं कि वह परेशानी में होने का नाटक कर रहा है। विल्सन को 6 साल की जेल हुई है। घटना 25 अप्रैल 2023 की है। तब पुलिस को विल्सन के घर पर स्टीवन मिला था। तब वह बेहोश था। जांच में अधिकारियों को उसकी गर्दन और सीने पर चोट के निशान मिले। लड़के ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, विल्सन ने जांच अधिकारियों को बताया है कि लड़का घर से भाग कर पड़ोसी के पास पहुंच गया था।उसका दावा है कि जब लड़के को वापस लाया गया, तब भी वह बुरा बर्ताव कर रहा था और घर छोड़ने की कोशिश कर रहा था। महिला ने स्वीकार किया है कि वह लड़के पर करीब 5 मिनट तक बैठी रहीं। उस दौरान उन्हें लगा कि लड़का नाटक कर रहा है, लेकिन जब उसने जवाब नहीं दिया तो महिला ने सीपीआर की कोशिश की और पुलिस को खबर की। महिला ने कोर्ट को बताया है कि वह सिर्फ लड़के को घर छोड़ने से जाने से रोकना चाहती थीं।

## हूती नेता ने इजरायल के जहाजों पर फिर से हमला करने की दी धमकी

सना ,(आरएनएस)। यमन के हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने ऐलान किया है कि अगर मानवीय सहायता चार दिन की समय-सीमा के भीतर गाजा नहीं पहुंचती है, तो उनका समूह इजरायल से जुड़े जहाजों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू कर सकता है।

अब्दुल मलिक अल-हूती ने सोमवार को समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल पर एक टेलीविजन भाषण में इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा, हम गाजा पट्टी में मदद भेजने के लिए अपनी तय की गई समय सीमा पर कायम हैं और हमारे सशस्त्र बल अभियान चलाने के लिए तैयार हैं।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हूती नेता ने पहले इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थों को चार दिन का अल्टीमेटम दिया था, ताकि गाजा में सहायता पहुंचाने का काम फिर से शुरू किया जा सके। हूती नेता का यह अल्टीमेटम मंगलवार को समाप्त होने वाला है।

राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूती समूह ने नवंबर 2023 से लाल सागर और इजरायली शहरों में इजरायल से जुड़े जहाजों पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए हैं। उन्होंने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में ये हमले किए हैं।

# धरती पर लौटने के बाद भी सुनीता नहीं जा सकेंगी घर,कई टेस्टों से गुजरना होगा

*-अंतरिक्ष से लौटने के बाद धरती की ग्रेविटी में खुद को ढालना आसान नहीं*

वाशिंगटन, (ए)। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में बीते करीब 9 महीने से फंसी सुनीती विलियम्स और बेरी विलमोर जल्द लौटने वाले है। बोइंग के स्टारलाइनर से दोनों अंतरिक्षयात्री केवल 10 दिनों के टूर पर गए थे। हालांकि उनके यान में खराबी आ जाने से वे अब तक लौट ही नहीं पाए। अब नासा ने कहा है कि अगले सप्ताह ही स्पेसएक्स ड्रैगन लॉन्च किया जाएगा।

अधिकारियों का कहना है कि सुनीता और विलमोर 16 मार्च तक धरती पर लौट आएंगे। हालांकि सुनीता विलियम्स का कहना है कि इतने दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद अब उनके लिए धरती पर अजस्ट करना आसान नहीं है। धरती पर चलना उनके लिए कांटों पर चलने के जैसा होगा। उन्होंने कहा कि अब तो मैं चलना भी भूल गई हूं। अंतरिक्ष स्टेशन में गुरुत्वाकर्षण ना होने की वजह से



उन्हें चलना नहीं पड़ता। अंतरिक्ष में रहना धरती पर रहने से बहुत अलग हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद धरती की ग्रेविटी के हिसाब से खुद को ढालना भी आसान नहीं है। वहीं अंतरिक्ष से कई वायरस और बैक्टीरिया के भी आने का खतरा रहता है।धरती पर लौटने के बाद भी सुनीता घर नहीं जा पाएंगे। पहले उनके टेस्ट किए जाएंगे और फिर इलाज किया जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि अंतरिक्ष से वापस आने के बाद उनके शरीर में ताकत नहीं रहती है। ऐसे में ग्रेविटी में फिर से ताकत हासिल करने में डेढ़ महीने का समय लग सकता है। फिर से सारे टेस्ट करने के बाद ही उन्हें घर जाने की इजाजत दी जा सकती है। जानकारों का कहना है कि अंतरिक्षयात्रियों को कई तरह की गंभीर बीमारियों का भी खतरा रहता है। तेज ब्रह्मंडीय विकिरण की वजह से कई बार अंतरिक्षयात्रियों के शरीर के गहराई तक प्रभाव पड़ता है जो कि कैंसर का कारण बन सकता है जिस तरह से अंतरिक्ष में जाने के बाद सुनीता को कुछ दिनों तक शरीर को ढालने में परेशानी का सामना करना पड़ा था, वही दिक्कत धरती पर लौटने के बाद भी हो सकती हैं। अंतरिक्ष में हार्ट और लंग्स को भी मेहनत कम पड़ती है।



## हरियाणा का सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी के फाइनल में झारखंड से मुकाबला

पंचकूला, (आरएनएस)। हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने सोमवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 - डिवीजन ए में अपने-अपने रोमांचक सेमीफाइनल में विपरीत अंदाज में जीत हासिल की। डिवीजन ए के पहले सेमीफाइनल मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से हराया। सोनम (41), मोनिका (42), मनीषा (47) और कप्तान रानी (57) ने हॉकी मिजोरम के मजबूत डिफेंस के बाद एक-एक गोल करके बुधवार को अंतिम मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की की।डिवीजन ए के दूसरे सेमीफाइनल मैच में हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड दोनों ने अंतिम सीटी बजने तक एक-दूसरे को गोल करने से रोकने के लिए शानदार कौशल दिखाया और मैच 0-0 पर समाप्त हुआ। इसके बाद टूर्नामेंट के अन्य फाइनलिस्ट का पता लगाने के लिए शूटआउट का सहारा लिया गया और हॉकी झारखंड ने करीबी मुकाबले में 3-2 (शूटआउट) से जीत हासिल की। हॉकी महाराष्ट्र के लिए काजल सदाशिव अटपडकर और प्रीति ने गोल किए, जबकि हॉकी झारखंड के लिए रजनी केरकेट्टा, कप्तान अलबेला रानी टोप्पो और शम्मी बारा ने गोल करके हॉकी हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जगह पक्की की।

बुधवार को हॉकी मिजोरम तीसरे-चौथे स्थान के लिए हॉकी महाराष्ट्र से खेलेगा, जबकि हॉकी हरियाणा फाइनल में हॉकी झारखंड से भिड़ेगा।

# बचपन से ही मेरा एक ही सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं: ऋषभ पंत



नई दिल्ली, (आरएनएस)। दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था।हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।पंत ने जियो हॉटस्टार पर कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।पंत अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 150वीं टेस्ट वर्षगांठ मनाने एमसीजी में ऐतिहासिक डे-नाइट मैच खेलेंगे

मेलबर्न, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में डे-नाइट टेस्ट खेलेंगे, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। बयान में कहा गया, 11-15 मार्च, 2027 को 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच पहली बार होगा, जब ऑस्ट्रेलियाई पुरुष एमसीजी में रोशनी में टेस्ट खेलेंगे, जहां 1877 में पहला टेस्ट मैच और 1977 में शताब्दी टेस्ट खेला गया था - उल्लेखनीय रूप से, दोनों ही मैच ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीते थे। एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा, जो इस साल की शुरुआत में एमसीजी में ऐतिहासिक पहले डे-नाइट टेस्ट के बाद होगा, जहां ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं ने एशेज में क्लीन स्वीप किया था। सीए ने इस बात पर जोर दिया कि टेस्ट को दिन-रात के मैच के रूप में आयोजित किया जाए, जिससे अधिक लोग 150वीं वर्षगांठ टेस्ट देखने के लिए आ सकें, क्योंकि यह स्कूल की छुट्टियों के समय के बाहर खेला जाएगा। एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ टेस्ट क्रिकेट के महान आयोजनों में से एक होगा और रोशनी में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।



## अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता

इंडियन वेल्स (आरएनएस)। कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया।

दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया।

शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया।

अल्काराज ने जल्द ही 5-0 की बढ़त ले ली। हालांकि शापोवालोव ने अपनी लय पाई , लेकिन हाल ही में डलास ओपन चैंपियन विजेता को कभी भी मुश्किल में नहीं डाल पाया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एक घंटे और 24 मिनट में आगे बढ़ गया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि उसने सीजन की शुरुआत बहुत मजबूती से की, डलास में खिताब के साथ वास्तव में अच्छा टेनिस दिखाया, अकापुल्को में अच्छा टेनिस खेला, इसलिए मुझे पता था कि मुझे मैच की शुरुआत वास्तव में मज़बूती से करनी होगी, वास्तव में अपनी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

उन्होंने कहा, अच्छी टेनिस खेलने की कोशिश करो, शुरुआत में अच्छी रैलियां करो ताकि अच्छी गति मिल सके, मैच में आ सकूं। मैंने देखा कि यह वास्तव में एक अच्छा और कठिन मुकाबला होने वाला था, इसलिए जिस तरह से मैंने मैच की शुरुआत की, उससे मैं वास्तव में बहुत खुश हूं।

अपनी छठी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी का अगला मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा।

## सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज



दुबई (ए)। न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे।

रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था।

सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से शुरु होंगे

नई दिल्ली (ए)। खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाएंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी । इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं को भी रखा जाएगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे।

# हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बाटेगी

नई दिल्ली (ए)। अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा।

पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार- बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता

सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार- लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार- संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

# सभी अधिकारी ई आफिस प्रणाली के तहत ही अपनी फाईल भेजे, हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं है : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

## कमिश्नर ने संभागीय समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश



नर्मदापुरम( निप्र) । नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी जिला एवं संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अब अपनी सभी फाईलें ई आफिस प्रणाली के माध्यम से ही भेजना सुनिश्चित करें, हार्ड कॉपी में भेजी जानकारी स्वीकार नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी 1 से 2 दिवस के अंदर अपनी एवं अपने कर्मचारियों की ई मेल आईडी बनाकर एनआईसी के माध्यम से मैपिंग कराकर जल्द ही शुरू कराएं। उन्होने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कडी कार्यवाही करने की हिदायत दी। कमिश्नर तिवारी ने पीएचई को निर्देश दिए कि वे बैतूल के ग्राम दौरी में खराब हैण्डपंपों में सुधार कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा गांव के समीप से बहने वाली तवा एवं माचना नदी का जल ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए संभावना तलाशे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम दौरी का भ्रमण किया था जहां ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 08 हैण्डपंप है जिसमें से 02 की पाईप लाईन सड गई है एवं 02 हैण्डपंप से लाल एवं मटमेला पानी आ रहा है। कमिश्नर ने समय सीमा की बैठक से अनुपस्थित रहने पर संयुक्त संचालक मत्स्य श्रीमती शशि गोलाईत को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने जिन कर्मचारियों को जन्म तिथि, ज्वायनिंग तिथि एवं अन्य तकनीकी त्रृटि के कारण अब तक समयमान वेतनमान एवं ऐरियर्स का लाभ ना मिलने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे कर्मचारियों की त्रृटियां प्राथमिकता से सुधार कर उन्हें समयमान वेतनमान एवं ऐरियर्स का लाभ देना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला मत्स्य अधिकारी वीरेन्द्र चौहान ने बताया कि नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल में स्मार्ट फिश पार्लर संचालित किया जाएगा। जहां पर डीप फ्रीजर रहेगा। हायजेनिक रूप से सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। उन्होने बताया कि झिंगा पालन संवर्धन एवं स्मार्ट फिश पार्लर के लिए ट्रेनिंग भी दी जाएगी। कमिश्नर तिवारी ने निर्देश दिए कि सभी मत्स्य एवं पशु पालकों के केसीसी प्राथमिकता से बनाए जाए। उन्होने कहा कि अब तक बनाए गए केसीसी का भी अनिवार्य रूप से परीक्षण कर लिया जाए। कमिश्नर तिवारी ने संयुक्त संचालक कृषि को निर्देश दिए कि प्रति सप्ताह अमानक खाद बीज बेचने वाले विक्रेताओ से सेंपल लेकर जांच कराएं एवं अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उन्होने आईटीआई महाविद्यालयों में आरक्षित महिला सीट को भरने के निर्देश दिए और कहा कि शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग तत्संबंध में महिलाओं को जागरूक करते हुए उनसे आवेदन कराएं। संभागीय समय सीमा की बैठक में अपर आयुक्तआर.पी. सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा गूजर तथा सभी संबंधित संभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हुए 94 आवेदन

## अपर कलेक्टर ने किया समस्याओं का निवारण, अधिकारियों को शीघ्र समस्या समाधान के निर्देश



नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान 94 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर डी.के सिंह ने लोगो की समस्याओं का समाधान किया। उन्होनें आवेदनों के गंभीरतापूर्ण परीक्षण के बाद अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान सदर बाजार नर्मदापुरम निवासी ओमप्रकाश सोलंकी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि सदर बाजार स्थित उनके निवास के सामने सीवर लाइन डाली गई। जिसके कारण कई नल कनेक्शन टूट गये है जिससे निरंतर पानी बहने से घर के सामने जल भराव हो रहा है। जिसके कारण जगह जगह पर गंदगी व्याप्त है एवं आवागमन में भी परेशानी हो रही है। आवेदनकर्ता ने व्यर्थ जल प्रवाह रोकने एवं उससे दुर्घटना होने की भी संभावना है जिसका शीघ्रता से जिसका शीर्घता से निवारण करना चाहिये। श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेने एवं पाइपलाइन दुरूस्त करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जनसुनवई के दौरान ग्राम जावली तहसील माखननगर निवासी पंकज नागवंशी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए किसान सम्मान निधि एवं किसान कल्याण निधि की राशि प्राप्त नहीं हुई, आवेदनकर्ता द्वारा माखननगर तहसील में भी आवेदन दिया गया था, परंतु काफी समय व्यतीत हो जाने के उपरांत भी राशि प्रदान नहीं हुई है उन्होनं जनसुनवाई के माध्यम से शीघ्र समस्या निवारण के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार जनसुनवाई में आए मानसिंह ग्राम चांदला तहसील माखननगर द्वारा विगत कुछ माहों से वृद्धा पेंशन की राशि प्राप्त नहीं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करते हुए शीघ्र वृद्धा पेंशन प्रदान करने की मांग की।

### चुनाव आयोग ने कानूनी ढाचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने चुनावी प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं के साथ संवाद स्थापित करने की योजना बनाई है ताकि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जा सके। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को भेजे अपने पत्र में कहा कि वे 30 अप्रैल, 2025 तक किसी भी अनसुलझे मुद्दे पर ईआरओ, डीईओ या सीईओ स्तर पर सुझाव प्रस्तुत करें। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह बातचीत भारत के स्थापित चुनावी कानूनों और वैधानिक ढांचे के तहत होगी, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें।इससे पहले, पिछले सप्ताह हुए ईसीआई सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिये थे कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करें। इन बैठकों में मिले सुझावों को कानूनी ढांचे के तहत सख्ती से हल किया जाए और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# कलेक्टर के निर्देश पर एडीएम एवं एसडीएम कर रहे फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण



नर्मदापुरम( निप्र) । जिले में किसानों के पंजीकरण कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से, कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डी.के. सिंह एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विभिन्न गांवों में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसानों का पंजीकरण प्रक्रिया के अनुसार सही तरीके से हो, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और कैंप में आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहें। इस दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कैंपों की नियमित मॉनिटरिंग करें और पंजीकरण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराएं।

# क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना ने मनाई छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि

## श्रद्धाभाव के साथ अर्पित किए श्रद्धासुमन





नर्मदापुरम( निप्र) । क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के द्वारा मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि नेहरू पार्क में मनाई गई। इस मौके पर विवेकानंद युवा मंडल के अध्यक्ष समाजसेवी प्रसन्ना हर्णे सहित क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हुए। सभी ने छत्रपति संभाजी महाराज के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रसन्ना हर्णे ने कहा कि संभाजी महाराज ने बचपन में ही अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दे दिया था मराठी और संस्कृत सहित अन्य अनेक भाषाओं में उन्हें महारत हासिल थी।उनका जन्म 14 मई सन 1657 ई में हुआ था। ये बचपन से ही अपने पिता शिवाजी के जैसे वीर योद्धा थे। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया था। आज भी इनकी वीरता की कहानियां पढ़ी और सुनी जाती हैं। उन पर फिल्म भी बनी है।संगठन के सदस्यों द्वारा वीर संभाजी महाराज के नारे लगाए गए। संगठन के कमल राव चव्हाण ने कहा कि हमें वीर शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज जैसे देशभक्तों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनको याद करना चाहिए। सभी उपस्थितों के प्रति आभार जनार्दन आगोंन ने माना।इस मौके पर प्रसन्ना हर्णे,श्रीमति सुशीला वाइसकर,लक्ष्मण राव जांचक,जनार्दन आगौन,कमल राव चव्हाण, प्रकाश मराठा,मनीष परदेशी,विशाल दीवान, सुंदरम अग्रवाल,श्रीमति प्रीति आगौन,शिवाजी राव कांटे, रोहित वाघमारे श्रीमति सुशीला चव्हाण, पीयूष आगौन, छमा मराठा, श्रीमती चंपा बाई,रोहित बाघमारे,उज्वला चव्हाण,मानसी, कांची आदि अनेक सामाजिक लोग एवं नन्हें मुन्नहें बच्चे भी उत्साह के साथ शामित हुए।

# आशा कार्यकर्ता के सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया चालू



नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम जिले के सभी ब्लाकों के ग्रामीण क्षेत्रों में जन जन तक गर्भवती महिला जांच, शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण,परिवार नियोजन सहित अन्य सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली 1135 आशा कार्यकर्ताओ की एनआईओएस द्वारा सर्टिफिकेशन किया जाना है। इसी क्रम में डोलरिया और माखननगर ब्लॉक की 100- 100 आशा कार्यकर्ताओ की सर्टिफिकेशन 3 चरणों में जारी है जिसमें इन सभी आशाओं की 3 मार्च को ऑनलाइन परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है, द्वितीय चरण में आज दिनांक 11 मार्च को प्रायोगिक परीक्षा एएनएन ट्रेनिंग सेंटर इटारसी में आयोजित हुई इसके पश्चात् 23 मार्च रविवार को सैद्धांतिक परीक्षा समस्त प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएगी। जिले में आशा सर्टिफिकेशन का कार्य सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार के मार्गदर्शन एवं डीसीएम शैलेन्द्र शुक्ला की देखरेख में किया जा रहा तथा राज्य स्तर द्वारा नामांकित मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं।

# होली एवं अन्य धार्मिक पर्व के दौरान जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

नर्मदापुरम( निप्र) । आगामी दिनों में होली एवं अन्य धार्मिक पर्व आने वाले हैं, इन पर्वों में नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिलों यथा बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद एवं शांतिपूर्ण रहे, इसके लिए अभी से सभी तैयारी सुनिश्चित की जाए। हर जगह अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए और समूचा अमला अलर्ट मोड पर रहे। सभी कलेक्टर शांति समिति एवं अन्य बैठक समय पर ले लेवें एवं सुरक्षा मापदंड का ध्यान रखें। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने 31 मार्च तक खनिज एवं राजस्व विभाग को दिए गए राजस्व वसूली के सभी लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए और कहां की 31 मार्च से पूर्व दिए गए लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की कार्रवाई खनिज एवं माइनिंग विभाग का अमला पूर्ण कर ले। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी पेयजल स्रोत का रख रखाव दुरुस्त रहे। ग्रामीण क्षेत्र में एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल एवं बिजली कटौती की समस्या ना आए। पेयजल के लिए नल जल योजना के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक स्रोतों को भी सुढढ किया जाए। कुएं, हैंडपंप एवं बावडी को भी पुनर्जीवित कर पेयजल के लिए लायक बनाया जाए। श्री तिवारी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा गत माह ली गई बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों का अक्षरश पालन करने के निर्देश दिए और कहां की दिए गए निर्देशों में जो भी पॉइंट है वह सभी पॉइंट प्राथमिकता से निराकृत किए जाएं। कमिश्नर श्री तिवारी ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आधार में आरो आर लिंकिंग में बैतूल, स्वामित्व में नर्मदापुरम एवं नक्शा तरमीम में हरदा जिले की कम रैंकिंग आने



पर इन जिलों को अपनी रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहां की जिला स्तरीय शिकायतों का निराकरण यथा संभव जिला स्तर पर कर दिया जाए एवं राज्य स्तरीय शिकायत है तो प्रकरण से शासन को अवगत कराया जाए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के प्रकरण का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए और कहां की जो अधिकारी एवं कर्मचारी समय सीमा में प्रकरणों के निराकरण मैं रुचि नहीं ले रहे हैं तो ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कलेक्टर पेनल्टी लगाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस सप्ताह नर्मदापुरम में 754 हरदा में 234 एवं बैतूल में 1337 नल कनेक्शन किए गए हैं। कमिश्नर ने ई ऑफिस प्रणाली के तहत सभी कार्यालय को कार्य करने के निर्देश दिए और कहां की अब पेपरलेस कार्य करने का समय आ गया है। उन्होंने सभी कार्यालय की ईमेल आईडी बनाने के निर्देश दिए और कहां की सभी कार्यालय ई ऑफिस सिस्टम को प्राथमिकता से अपने यहां लागू करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके लिए स्थान चिन्हित करें एवं जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक सलाह मशवरा करें। साथ ही उन्होंने झींगा पालन संवर्धन के अंतर्गत दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने मत्स्य एवं पशुपालक किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड की अदयतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह बनाए गए सभी किसान क्रेडिट कार्ड कार्ड का एक बार परीक्षण अवश्य करा लें। उन्होंने आईटीआई कॉलेजो में महिलाओं के लिए रिजर्व 30% सीटों की पूर्ति करने के निर्देश देते हुए कहा कि आरक्षित महिला सीट के संबंध में महिलाएं बाल विकास विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाकर तत संबंध में महिलाओं एवं स्कूली बालिकाओं पर विशेष फोकस करते हुए उन्हें आईटीआई में एडमिशन लेने के लिए प्रेरित करें।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भी 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर रोधी टीका लगाने के निर्देश दिए और कहां की इसके लिए आवश्यक बजट की व्यवस्था सीएलआर मद एवं अन्य दानदाता संस्थाओं के माध्यम से करना सुनिश्चित करें।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

नर्मदापुरम(निप्र)नर्मदापुरम जिले की अचल संपत्तियों के वर्ष 2025-26 के अंतिम बाजार मूल्य निर्धारण के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति नर्मदापुरम ने बताया कि उक्त बैठक नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में 12 मार्च 2025 को दोपहर 03:00 बजे से कलेक्ट्रेट भवन में आयोजित की जाएगी।

# आउटसोर्सिंग से सुरक्षा गार्ड एवं अन्य कर्मचारी रखे जाने हेतु निविदा आमंत्रित

नर्मदापुरम( निप्र)। शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय नर्मदापुरम् में आउटसोर्सिंग से विद्यालय / बालक / कन्या छात्रावासो में सुरक्षा गार्ड/इलेक्ट्रिशियन सह प्लम्बर, माली एवं नर्स संबंधी कार्य हेतु शिक्षा सत्र 2025-26 में कर्मचारी रखे जाना है। तत्संबंध में प्राचार्य शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय नर्मदापुरम ने बताया कि सुरक्षा गार्ड / माली एवं इलेक्ट्रिशियन सह प्लम्बर एवं नर्स रखे जाने हेतु इच्छुक रजिस्टर्ड फर्मों से निविदायें आमंत्रित की गई है।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय ओल्ड बी.टी.आई. नर्मदापुरम से अथवा संपर्क सूत्र 8770219968 एवं 9479906207 पर संपर्क कर सकते है।

# साइबर स्मार्ट एस.एच.जी विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम




नर्मदापुरम(निप्र) । मंगलवार 11 मार्च 2025 को नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में नवाचार की पहल की गई। जिसमें आई.आई.टी. मद्रास के प्रतिनिधियों द्वारा म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत समस्त विकासखण्डों की महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को सायबर अपराधों से बचाव विषय पर दो बैचों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षकों द्वारा साइबर अपराधों से संबंधित विषयों जैसे मल्टीफेक्टर अथेन्टिकेशन, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अज्ञात समूहों से स्वत: जुडने के बचाव एवं डिजीटल अरेस्ट, मोबाईल हैकिंग, साईबर स्टोकिंग से बचाव के उपाए, अंतर्राष्ट्रीय फाड कॉल से सावधानी, सोशल मीडिया पर गोपनीयता की सेटिंग को सीमित करना, ऋण के लिए आवेदन करने से पहले वैधता जाँचना और त्वरित ऋण धोखाधडी से बचाव, मोबाईल बैंकिंग यूपीआई बैंकिंग अंतर्गत फाड से बचने के उपाय, अज्ञात स्रोतो से ए.पी.के. फाईल डाउनलोड करने से बचाव, ऑनलाईन उत्पीडन या गतिविधियों के स्क्रीनशॉट और सबूत सुरक्षित रखने के तरीके इत्यादि पर विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रूचि लेकर विषयवस्तु को समझा गया एवं विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित उनके अनुभव साझा किये। प्रशिक्षण में जिले की लगभग 100 महिला स्व सहायता समूह सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एस.एस. रावत ने बताया कि प्रशिक्षण बहुत ही लाभकारी एवं मील का पत्थर साबित होगा। भविष्य में सभी विकासखण्ड मे विषय से संबंधित मास्ट्रर ट्रेनर तैयार किये जाकर शत प्रतिशत समूह सदस्यों एवं ग्रामीण समुदाय को प्रशिक्षित किया जायेगा, जिससे हो रहे साइबर अपराधों से बचाव एवं सुरक्षा की जा सकें।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-45-2025 दिनांकः 07.03.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अंतर्गत कटनी-मानिकपुर खंड में ट्रैक के किनारे बाउंड्री बॉल/ट्रैक फेन्सिंग का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 75,37,74,983/-, **बयाना राशि(रूपये):** 39,18,900/-, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-46-2025 दिनांकः 07.03.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (मध्य) जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर-कटनी खंड में ट्रैक के किनारे बांउड्री बॉल/ट्रैक फेन्सिंग का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 71,82,57,735/-, **बयाना राशि(रूपये):** 37,41,300/-, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-47-2025 दिनांकः 07.03.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अंतर्गत इटारसी-जबलपुर खंड में ट्रैक के किनारे बांउड्री बॉल/ट्रैक फेन्सिंग का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 95,85,49,563/-, **बयाना राशि(रूपये):** 49,42,800/-, **उपरोक्त सभी निविदाओं की समापन अवधिः** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 01.04.2025, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने कि तिथि एवं समय 15.15 बजेः** 01.04.2025। उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक(कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*